दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 286 जयपुर, सोमवार, 25 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी: देश को मिली नौ और वंदे भारत ट्रेन की सौगात**

# मेवाड़ क्षेत्र को पहली और राजस्थान को तीसरी वंदे भारत ट्रेन

- उदयपुर-जयपुर का किराया 985 से 2350 रुपए तक
- आज जयपुर में पीएम मोदी, उपाध्याय की जन्म स्थली धानक्या जाएंगे

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 11 राज्यों की 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये नौ ट्रेनें 11 राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में चलेंगी। इन राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत कई नेता इस कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में कनेक्टिविटी के विस्तार का यह अभूतपूर्व अवसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर की स्पीड देश के 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से मेल खा रही है, आज का भारत यही चाहता है। 9 वन्दे भारत ट्रेनों में एक ऑरेंज कलर की ट्रेन कासरगौड़ (केरल)-त्रिवेंद्रम के बीच चलेगी। अगले दो महीनों में 9 ऑरेंज वन्दे भारत ट्रेनें और चलेंगी।



### उदयपुर की ट्रेन में कई सुविधाएं

उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित होगी। इन वन्दे भारत ट्रेन के इंटीरियर में यात्री फीड बैक के आधार पर 25 छोटे बदलाव किए गए हैं। उदयपुर से चलने वाली यह ट्रेन सवा छह घंटे में जयपुर पहुंचेगी। यह सुबह 7:50 पर उदयपुर से चलेगी और दोपहर 2:05 पर जयपुर पहुंचेगी। जयपुर से 3:45 पर रवाना हो कर रात 10 बजे उदयपुर पहुंचेगी। इसमें कुल 8 कोच हैं। पहले और आखिरी कोच में लोको पायलट केबिन भी है। इसलिए इसमें 44 चेयरकार सीटें हैं। एक एग्जीक्यूटिव कोच है, जिसमें 52 सीटें हैं। इसका किराया 985 रुपए से शुरू हो कर 2350 रुपए तक है, जिसमें 300 रुपए का खाना ऑप्शनल है।

### पीएम मोदी की दादिया में सभा

भाजपा की प्रदेश में निकाली गई परिवर्तन यात्राओं के समापन समारोह में पीएम नरेन्द्र मोदी सोमवार को जयपुर में आएंगे। पीएम दोपहर 2 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से हेलिकॉप्टर से धानक्या जाएंगे। जहां वे उपाध्याय स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद करीब 3:15 बजे दादिया में सभा को सबोधित करेंगे।

**गवर्नर मिश्र और सीएम गहलोत भी जुड़े:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राज्यपाल कलराज मिश्र भी उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने राजस्थान के लिए इसे महत्वपूर्ण बताते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### गहलोत व मिश्र ने दी बाबा रामदेव जयंती की शुभकामनाएं



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राज्यपाल कलराज मिश्र ने बाबा रामदेव जयंती और तेजा दशमी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सोमवार को प्रदेशभर में यह जयंती मनाई जाएगी। सीएम गहलोत ने कहा कि बाबा रामदेव जी और वीर तेजाजी ने अपना जीवन बेसहारा एवं दीन-दुखियों की सेवा में समर्पित कर दिया। बाबा रामदेव जी का मेला साम्प्रदायिक सद्भाव की अनूठी मिसाल है। उन्होंने समाज में व्याप्त जाति प्रथा, छुआछूत जैसी कुरीतियों एवं ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटा और जरूरतमंदों की सेवा कर मानव कल्याण का सबसे बड़ा संदेश दिया है।

### पेट्रोल गोदाम में लगी आग, 35 लोगों की मौत



**पोर्टो नोवो।** बेनिन की राजधानी पोर्टो नोवो के दक्षिण में स्थित एक एक पेट्रोल गोदाम में आग लगने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। बेनिन के सरकारी प्रसारक द्वारा जारी वीडियो में आग बुझने के बाद इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त नजर आई और आसपास खड़ी कई कार तथा मोटरसाइकिल खाक हो गईं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जो गैसोलीन के भंडारण के लिए जाना जाता है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**राहुल के बयान पर चौंकी प्रदेश में कांग्रेस, बोले...**

# मप्र, छग में हम जीत रहे राजस्थान में 'कड़ी टक्कर'

### राजस्थान में बीजेपी भी अंदरखाने यही कह रही है

**कहा... संभवत: तेलंगाना में भी जीतेगी कांग्रेस**

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिए गए बयान ने कम से कम राजस्थान के कांग्रेस नेताओं को चौंका दिया है। इस बयान में उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस सरकार के रिपीट होने का सीधा दावा करने से बचते हुए 'करीबी मुकाबला' बताया है।

राहुल ने पार्टी के अच्छे प्रदर्शन का विश्वास जताते हुए रविवार को कहा कि अभी तक कांग्रेस निश्चित रूप से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीत रही है, संभवतः वह तेलंगाना में भी जीत दर्ज करेगी और राजस्थान में 'बेहद करीबी' मुकाबला हो सकता है। राहुल ने लोकसभा में बसपा के नेता दानिश अली के बारे में भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी की टिप्पणियों को लेकर पैदा हुए विवाद का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जाति जनगणना की मांग से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाती है। एक 'मीडिया नेटवर्क' द्वारा आयोजित सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा का उद्देश्य लोगों का ध्यान असल मुद्दों से भटकाना है। उन्होंने कहा, 'यह ध्यान भटकाने की भाजपा की रणनीतियों में से एक है।'



### भाजपा को लिया आड़े हाथ

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के मुख्य मुद्दे- कुछ ही लोगों के पास पैसा होना, अमीर-गरीब के बीच भारी असमानता, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, निचली जाति, ओबीसी और आदिवासी समुदायों के प्रति पक्षपात, से संबंधित हैं। राहुल ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा, 'अब, भाजपा इस पर लड़ नहीं सकती, इसलिए 'श्रीमान बिधूड़ी' एक बयान दे दें। फिर अचानक श्री 'निशिकांत दुबे' आओ एक साथ मिलकर इस तरह चुनाव लड़ें। चलो 'इंडिया' का नाम बदल दें।' यह सब ध्यान भटकाना है। हम इसे जानते हैं, हम इसे समझते हैं और हम उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे।'

### भारत जोड़ो से मिली सीख

कन्याकुमार से कश्मीर तक की 4,000 किमी से अधिक की अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा से मिली सीख के बारे में राहुल ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में संचार व्यवस्था पर भाजपा ने इस कदर कब्जा कर लिया है कि उसके माध्यम से भारत के लोगों से बात करना व्यवहारिक रूप से असंभव है। उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट है कि मेरे यूट्यूब चैनल, मेरे ट्विटर अकाउंट, सभी को दबाया गया। यात्रा हमारे लिए जरूरी थी। विपक्ष कुछ भी कहे लेकिन राष्ट्रीय मीडिया में यह तोड़े-मरोड़े बिना पेश नहीं किया जाता है।' राहुल ने कहा, 'सबसे बड़ी सीख यह मिली कि संचार का पुराना तरीका और लोगों से मिलना, जिसे महात्मा गांधी जी ने आधुनिक युग में शुरू किया था, अन्य लोगों ने भी पुराने युग में आगे बढ़ाया था, वह अब भी काम करता है।'

### किसी राज्य में नहीं जीतने का प्रश्न ही नहीं

कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी का आगामी विधानसभा चुनावों में किसी भी राज्य में न जीतने का कोई प्रश्न ही नहीं है। कांग्रेस की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, 'मैं कहूंगा कि अभी हम संभवत: तेलंगाना जीत रहे हैं, हम निश्चित तौर पर मध्य प्रदेश जीत रहे हैं, हम निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ जीत रहे हैं। राजस्थान में बहुत करीबी मुकाबला है और हमें लगता है कि हम जीत जाएंगे। ऐसा लग भी रहा है और वैसे भाजपा भी अंदरखाने में यही कह रही है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में एक महत्वपूर्ण सीख ली कि भाजपा ध्यान भटकाकर और हमें हमारी बात नहीं रखने देकर चुनाव जीतती है और इसलिए हमने अपनी बात प्रमुखता से रखकर चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि चाहे भाजपा कितनी भी ऊर्जा लगा ले, चाहे मीडिया कितना भी तोड़-मरोड़कर खबरें पेश कर लें, यह काम नहीं करेगा।

**आचार संहिता लगते ही 25 कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची होगी जारी**

# मिशन 2030 को लेकर सीएम गहलोत की राज्य यात्रा 27 से

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने ड्रीम विजन मिशन 2030 को लेकर 27 सितंबर से राजस्थान की यात्रा पर निकलेंगे। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री गहलोत सभी जिलों की यात्रा कर जनसभा के साथ हर वर्ग से संवाद करते हुए इन दौरों के जरिए कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाएंगे।

मिशन 2030 का मुख्य उद्देश्य राजस्थान के चहुंमुखी विकास और आर्थिक विकास दर की प्रगति करना है, जिसको लेकर रविवार को सीएमआर में विभिन्न बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों, चेयरमैन व उपाध्यक्षों से चर्चा कर हर जिले में को-ऑर्डिनेटर की नियुक्ति की गई। सीएम गहलोत 27 सितंबर को बिड़ला सभागार में रत्न और हीरा कारोबारियों और जौहरियों से सवांद करके यात्रा का आगाज करेंगे। सीएम चौमूं में पशुपालकों और सब्जी विक्रेता किसानों से



संवाद करेंगे और उसके बाद खाटूश्याम मंदिर के दर्शन कर रात्रि विश्राम सीकर में करेंगे। जानकारी के अनुसार 28 को वे सालासर बालाजी के दर्शन के बाद डीडवाना और नागौर जिले के दौरे पर रहेंगे।

मुख्यमंत्री गहलोत 29 को श्रीगंगानगर और 30 को हनुमानगढ़ जिले के किसानों से नहरी इलाकों की समस्या को लेकर चर्चा करेंगे। उसके बाद अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में कई जिलों के दौरे पर रहेंगे।

### कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा का काउंटडाउन शुरू

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के उम्मीदवारों का चयन कर पहली सूची का काउंटडाउन शुरू हो गया है। कांग्रेस की अक्टूबर में उम्मीदवारों की दो सूचियां आएगी। प्रथम सप्ताह में दिल्ली में सीईसी पहली बैठक होगी। आचार संहिता लगते ही पहली सूची जारी होगी, जो 25 उम्मीदवारों की होगी। उसमें सीएम, डोटासरा, ओला, जोशी, भाया व विश्वेंद्र सिंह, हेमाराम, हरीश, राजकुमार शर्मा सहित स्थापित नेताओं के नाम हो सकते हैं। वहीं, 15 अक्टूबर के बाद सीईसी और चुनाव कमेटी की बैठक के बाद लगातार हार रही सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हरा किया सीरीज पर कब्जा



एजेंसी | इंदौर

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज को अगर वर्ल्ड कप की तैयारी परखने का कोई पैमाना माना जाए तो कहा जा सकता है कि भारतीय टीम दुनिया हिलाने को तैयार है। बारिश से प्रभावित मैच में भारतीय टीम ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। भारत ने मोहाली में खेले गए पहले वनडे में पांच विकेट जीत हासिल की थी। सीरीज का आखिरी मैच 27 सितंबर को राजकोट में खेला जाएगा।

इंदौर में खेले गए दूसरे वनडे मैच में भारतीय गेंदबाजों और बैटर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया ने 399/5 बनाकर कंगारुओं को 400 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन बरसात के कारण टारगेट 33 ओवर में 317 रन का रखा गया। कंगारुओं की पूरी टीम 28.2 ओवर में 217 रन पर ढेर हो गई।

**श्रेयस, गिल, सूर्या और अश्विन चमके:** टीम इंडिया की ओर से वर्ल्ड कप के लिए कसौटी पर माने जा रहे श्रेयस अय्यर 105 (90) मैन ऑफ द मैच बने। शुभमन गिल 104(97) को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं, सूर्य कुमार यादव 72 (37) और आर अश्विन 3/41 ने भी अपना दमखम साबित कर सेलेक्टर्स और आलोचकों को प्रभावित करने का प्रयास किया।

**कांग्रेस की नई रणनीति**

# चाय पर चर्चा कार्यक्रम के जरिए एक करोड़ वोटर्स तक पहुंचेगी कांग्रेस

- सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से साधेंगे संपर्क
- भाजपा की टिफिन पॉलिटिक्स का जवाब कांग्रेस की यह टी पॉलिटिक्स
- इसमें शिरकत करेंगे निकाय व पंचायती राज चुनावों में जीते लीडर्स

हिमांशु शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी परिवारों के घर तक पहुंच कांग्रेस विधानसभा चुनाव से पहले करीब एक करोड़ वोटर्स तक सीधी पहुंच बनाने की तैयारी में है। इसके लिए कांग्रेस टी पॉलिटिक्स की रणनीति पर अमल करेगी। इसमें हर माह में करीब 10 लाख परिवारों के माध्यम से 30 लाख वोटर्स तक पहुंचने का टारगेट तय किया गया है। इस काम में कांग्रेस के कार्यकर्ता नहीं, बल्कि वे पार्टी के वे लीडर्स शिरकत करेंगे, जो



निकाय या पंचायती राज के चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे करीब 6 हजार से अधिक लोकल लीडर्स सरकार की योजनाओं पर चर्चा कर और उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में बताकर पार्टी की पैठ मजबूत करेंगे।

ये लीडर्स आगामी तीन माह में लाभार्थी परिवारों तक पहुंच उनसे चाय पर चर्चा करेंगे, साथ ही उनसे घर तक का रिश्ता बना उनको सीधे कांग्रेस से जोड़ेंगे।

### सर्वोदय चौपाल पर बनेगा सीधा जुड़ाव

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ऐसे लीडर्स को मैदान में उतार रहा है, जो सरपंच या वार्ड पंच हैं। वहीं, ऐसे नेता जो पालिका, नगर परिषद पार्षद या फिर चेयरमैन पद पर कांग्रेस के टिकट से पहुंचे हैं। वे अपने इलाके में पहुंच के एक माह में 5 सर्वोदय चौपाल करेंगे और कम से कम 20 लाभार्थी परिवारों से चर्चा करेंगे। ऐसे में एक माह में 1 लाख 20 हजार परिवारों तक पहुंचेंगे। संगठन का मानना है कि एक परिवार के साथ अन्य दो परिवार और जुड़ेंगे। ऐसे में एक जगह करीब एक साथ 10 वोटर होंगे, जिनसे लीडर्स वन टू वन चर्चा करेंगे। इस प्लान से संगठन का एक माह में करीब 15 लाख वोटर्स तक पहुंचने का लक्ष्य है। ऐसे ही एक माह में 5 सर्वोदय चौपाल होगी, एक चौपाल में 250 लोगों से चर्चा करने का लक्ष्य है। इस चौपाल में गांव या इलाके की मुख्य जगह पर बैठकर चाय पीते हुए चर्चा होगी। इसके जरिए भी करीब 15 लाख वोटर्स से हर माह वन टू वन संवाद होगा।

> दुनिया 3 माह में 1 करोड़ लोगों वोटर्स तक पहुंचना लक्ष्य है। इसमें लीडर्स मैदान में उतरेंगे, जिनका पहले से जनता में रिश्ता मजबूत है। वे सीएम गहलोत की योजनाओं के लाभ के साथ जनता को बताएंगे कि क्यों इस बार भी कांग्रेस को वोट देकर रिपीट करना जरूरी है। ये लीडर्स एक साधारण व्यक्ति की तरह परिवारों से जुड़ेंगे और चाय के साथ पूरी चर्चा करेंगे। इसके लिए मीनाक्षी नटराजन की अध्यक्षता में हुए संगठन के नेशनल कन्वोकेशन में प्लान तैयार किया गया है।
>
> -डॉ.सीबी यादव, प्रदेशाध्यक्ष
> राजीव गांधी पंचायती राज संगठन

**बूथ स्तर से लेकर हर परिवार तक पकड़ बनाने की कवायद:** इस योजना के जरिए कांग्रेस ने तमाम परिवारों से लेकर बूथ स्तर तक पकड़ बनाने का लक्ष्य तय किया है। हालांकि, इस तरह का प्रयोग भाजपा अपने टिफिन पॉलिटिक्स के जरिए कर चुकी है, जिसमें चुनाव से पहले भाजपा की पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाने को लेकर यह पहल की गई थी।

## जरूरी खबर

### माइंस विभाग में बढ़ी एमनेस्टी योजना की तिथि

**जयपुर।** प्रदेश के माइंस विभाग की विभागीय बकाया और ब्याज माफी की एमनेस्टी योजना का लाभ अब संबंधित स्टेकहोल्डर्स को 31 दिसंबर तक मिल सकेगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम वीनू गुप्ता ने बताया कि इस योजना का लाभ 31 मार्च, 2022 तक के बकायादार खनन पट्टाधारियों, क्वारी लाइसेंस धारकों एवं रॉयल्टी ठेकेदारों को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना में 31 मार्च, 23 को रिटर्न भरने वाले डिफाल्टर्स को भी पेनल्टी माफी का लाभ मिल सकेगा। एमनेस्टी योजनाओं में से 1636 प्रकरणों में सबसे अधिक 82 करोड़ 65 लाख रुपए की वसूली इस योजना में की जा चुकी है।

### प्रदेश में 18 वर्ष बाद नेफस्कोब की बैठक कल

**जयपुर।** प्रदेश में 18 वर्षों बाद नेशनल फैडरेशन ऑफ स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक्स की बैठक 26 सितंबर को आयोजित होगी। इस बैठक में विभिन्न राज्यों के राज्य सहकारी बैंकों के अध्यक्ष, प्रशासक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित सहकारी क्षेत्र के वरिष्ठ जन प्रतिनिधि शामिल होंगे। रजिस्ट्रार सहकारिता मेघराज सिंह रतनू ने बताया कि नेफस्कोब का गठन 33 राज्यों के राज्य सहकारी बैंकों द्वारा अल्पकालीन साख संस्थाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श एवं समस्याओं के समाधान के लिए किया गया है। नेफस्कोब संचालक मण्डल की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### सीएम गहलोत ने राज्यपाल मिश्र से की मुलाकात



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान उच्च शिक्षा, आदिवासी क्षेत्रों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न अन्य मुद्दों पर दोनों के बीच चर्चा हुई। राज्यपाल और मुख्यमंत्री की करीब एक घंटे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

---

**पीएम आज जयपुर में भाजपा के मिशन फतह के लिए दादिया में सभा को करेंगे संबोधित**

# परिवर्तन संकल्प महासभा से प्रदेश में जीत का मंत्र देंगे मोदी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के मिशन फतेह और राजस्थान में सत्ता परिवर्तन अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को जयपुर में होंगे। लोकसभा के दोनों सदनों में नारी शक्ति वंदन बिल पास होने के बाद पहली बार पीएम मोदी राजस्थान पहुंच रहे हैं। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी की सभा की सभी व्यवस्थाएं महिलाओं के हाथों में सौंपी गई है। परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयपुर आ रहे हैं जो सांगानेर के दादिया में होगी।



### आने से पहले पीएम ने किया ट्वीट

जयपुर आने से पहले पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि राजस्थान के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। यहां हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन का जो संकल्प लिया है, उससे राज्य में चौतरफा विकास के द्वार खुलने वाले हैं। इसी संकल्प को और मजबूती देने के लिए कल दोपहर को जयपुर में 'परिवर्तन संकल्प महासभा' में शामिल होने का सुअवसर मिलेगा।

### खुली जीप में सभा के बीच से होकर के मंच पर पहुंचेंगे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को मोदी के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए केंद्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि आज का दिन बहुत पवित्र हैं। पीएम मोदी परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित करने जयपुर आ रहे हैं तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भी है। हमने कांग्रेस के कुशासन से प्रदेश की जनता को राहत दिलाने के लिए परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली। मोदी की सभा को लेकर सभी 42 ब्लॉक जो बनाए हैं उनकी कमान महिलाओं को दी गई। पीएम मोदी खुली जीप में सभा के बीच से होकर के मंच पर पहुंचेंगे। दोनों तरफ से महिलाएं पुष्प वर्षा करेंगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने दावा किया कि देश में पहली बार किसी प्रधानमंत्री की सभा की समस्त जिम्मेदारी महिलाएं संभालेंगी। इससे पहले किसी भी पॉलिटिकल रैली में इस तरह का प्रयोग नहीं हुआ है।

### सभा से पहले धानक्या जाएंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 3 घंटे जयपुर में रहेंगे। वे सोमवार करीब दोपहर 2 बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से करीब 10 मिनट बाद हेलीकॉप्टर से धानक्या के लिए रवाना होंगे, जहां स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मोदी हेलिकॉप्टर से ही सभा के पास बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे, जहां से रवाना होकर करीब 3:15 बजे सभा स्थल दादिया पहुंचेंगे। यहां करीब एक घंटा पीएम सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से एयरपोर्ट पहुंचकर शाम 4:40 बजे वापस रवाना होंगे।

### एक दिन पहले हुई कोर कमेटी की बैठक शुरू

वहीं सभा से एक दिन पहले रविवार को भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व सीएम राजे, अरूण सिंह, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनियां, अर्जुन मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। जिन्होंने करीब 3 घंटे तक मंथन किया। इस दौरान परिवर्तन संकल्प महासभा की व्यवस्थाओं की समीक्षा, चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किए जाने वाले बिंदुओं और चुनावी गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई।

---

**महिला अत्याचार और अन्याय के खिलाफ वसुंधरा का आह्वान...**

# जब-जब अन्याय बढ़ा, मातृशक्ति को रक्षा के लिए आगे आना पड़ा

■ राजे ने महिला उत्पीड़न को लेकर कांग्रेस पर कसा तंज

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रविवार को तीखे तेवर दिखाते हुए अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष के लिए महिला शक्ति का आह्वान किया। राजे धर्म रक्षा समिति की ओर से जयपुर के रामलीला मैदान में आयोजित मातृशक्ति समागम कार्यक्रम में पहुंचीं थीं।

इस दौरान उन्होंने महिला अत्याचारों का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया वहीं इसको लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने महिला अपराधों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी अत्याचार और अन्याय चरम पर होता है तो महिला शक्ति को आगे आना पड़ता हैं। राजे ने कहा कि जब देवता असहाय हो गए तो देवी मां ने स्वयं महिषासुर मर्दिनी का रूप धारण करके महिषासुर दैत्य का वध किया। महिलाएं अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए चंडी का रूप धारण करती हैं, क्योंकि संघर्ष के बिना महिलाएं समाज में परिवर्तन नहीं ला सकती। उन्होंने कहा कि अपने हक, अधिकार और सुरक्षा के लिए महिलाओं को जागरूक होना होगा।



### मातृशक्ति का हो रहा अपमान

कार्यक्रम के दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा कि आज प्रदेश में हर तरफ महिलाओं के अपमान की खबरें सुनाई दे रही हैं। एक दिन में 20-20 महिला अत्याचार, कदम-कदम पर मातृशक्ति का अपमान हो रहा हैं। दुष्कर्म के तो हजारों प्रकरण ऐसे हैं, जो काफी समय से लंबित हैं। हम सबके दिल में यह बात है कि महिलाओं को न्याय कब मिलेगा। हम सब यह पूछते रहते हैं कि यह कैसी सरकार है जो हमारी महिलाओं की इज्जत को बचाने के लिए आगे नहीं आ सकती? उन महिलाओं का क्या होगा, जिनके प्रकरण अभी भी लंबित पड़े हुए हैं? हालत इतने खराब हैं कि इनसे निपटने के लिए अब मातृशक्ति को आगे आना होगा।

### यह कानून हमें लड़ने की ताकत देगा

राजे ने कहा कि मातृशक्ति की भागीदारी के बिना किसी भी राष्ट्र का नवनिर्माण नहीं हो सकता हैं। पहली बार राजस्थान में महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े करने का काम हमने अपनी सरकार के समय किया था। उस समय हमारे घर-परिवार के पुरुषों ने कहा था कि क्यों समय खराब कर रहे हो। यह कुछ नहीं कर सकेंगी। यह तो घूंघट के पीछे हैं, काम तो हमें ही करना पड़ेगा, लेकिन पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पास किया है। हमारी आवाज को पूरी दुनिया में उठाने का काम किया है। यह कानून आगे चलकर हमें खुद की लड़ाई लड़ने की ताकत देगा। हम सब मिलकर उन्हें धन्यवाद देंगे, जिन्होंने यह काम किया है और हम सबको मजबूती देने की शुरुआत की।

### पीएम मोदी के प्रयास सराहनीय

वसुंधरा राजे ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब महिलाएं घर के आंगन की तुलसी थीं। उनका बाहर की दुनिया के बारे में सोचना आसान नहीं था। यह संभव किया पीएम मोदी ने। हमारी भाजपा सरकार ने भी महिलाओं को आरक्षण दिया था, जिसके चलते प्रदेश में जिला प्रमुख, प्रधान और सरपंच पदों पर 50 फीसदी महिलाएं हैं। प्रदेश की विधानसभा में पहली बार 2 महिला विधायक थीं, आज 24 हैं। महिला आरक्षण के बाद 66 हो जाएंगी। पहली लोकसभा में 22 महिला सांसद थी। आज 66 हैं, जो महिला आरक्षण के बाद 181 हो जाएंगी।

---

**हर जिले में बन रही लव-कुश वाटिका**

# अलवर में 75 हेक्टेयर में बनी वाटिका, पर्यटन को मिल रहा है बढ़ावा



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के हर जिले में वन विभाग द्वारा स्थानीय प्राकृतिक वातावरण संरक्षण को लेकर लव कुश वाटिका स्थापित की जा रही है। जिससे आम जनता को जोड़ने के साथ ही नेचुरल टूरिज्म को भी बढ़ावा देने का काम करेगी।

अलवर ज़िले के उप वन संरक्षक अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि अलवर शहर से 10 किलोमीटर की दूरी पर रूंध-शाहपुरा वन खंड में चूहड़-सिद्ध घाटी पर लव कुश वाटिका स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि 75 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैली यह वाटिका मूलतः पलाश का जंगल है, जिसकी वजह से मार्च माह में यह घाटी केसरिया रंग में तब्दील हो जाती है। चारों तरफ से पहाड़ी से घिरी प्रकृति की गोद में बसी लव कुश वाटिका आमजनता को प्रकृति से जुड़ने का सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाती है। अलवर शहर स्थित लव कुश वाटिका में अलग अलग घूमने के पथ बनाये गए है।

जिसके तहत सांभर हिरण पथ, चीतल पथ मुख्यतया है ताकि आमजन को वन एवं वन्यजीवों के साथ जोड़ा जा सके। वही वाटिका में भूजल स्तर में सुधार करने की दृष्टि से गेबियन बनाए हैं। वाटिका में स्थानीय निवासियों के अलावा यहाँ दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से भी पर्यटक प्राकृतिक रोमांच का लुत्फ़ उठाने प्रतिदिन पहुंच रहे है। स्थानीय वन अधिकारियों के अनुसार लव कुश वाटिका बनने के बाद पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है जिससे आस पास के निवासियों को भी रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे है।

---

**जलदाय मंत्री ने दी 130 करोड़ की पेयजल योजनाओं की सौगात**

# पानी को लेकर कोई भेदभाव नहीं: जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर शहर की 50 हजार आबादी को पेयजल की समस्या निस्तारण को लेकर रविवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने करीब 130 करोड़ रुपए की तीन पुनर्गठित शहरी जल प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि जलदाय मंत्री के रूप में पिछले दो साल में उन्होंने पूरे प्रदेश की जनता तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने में कोई कमी नहीं रखी। उन्होने कहा कि प्रदेश में किसी भी विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ पानी पहुंचाने में



किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा कि बीसलपुर का पानी झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता तक पहुंच गया है तो सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को भी बीसलपुर का पानी मिलेगा। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। वहीं बगरू विधायक गंगा देवी ने कहा कि बगरू विधानसभा क्षेत्र में पानी पहुंचाने के लिए जलदाय मंत्री जोशी ने भागीरथ की भूमिका निभाई है।

जल प्रदाय योजनाओं में 46 करोड़ 37 लाख रूपए की पुनर्गठित योजना में बाईजी की कोठी, मॉडल टाउन एवं आस-पास के क्षेत्र में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए पंप हाउस का जीर्णोद्धार, नए उच्च जलाशय का निर्माण, बाईजी की कोठी एवं मॉडल टाउन क्षेत्र में नई पाइप लाइन जोड़ने एवं बिछाने का कार्य होगा। वहीं 44 करोड़ 30 लाख रुपए से जगतपुरा में नए उच्च जलाशय, स्वच्छ जलाशय एवं पंप हाउस निर्माण तथा नई पाइप लाइन जोड़ने एवं बिछाने का कार्य होगा। योजना में मनोहरपुरा कच्ची बस्ती में 18 लाख लीटर क्षमता का उच्च जलाशय, भूतल जलाशय, करीब 80 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के साथ ही 5 हजार जल कनेक्शन से जोड़ने के कार्य होंगे।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अशोक बैरवा, पार्षद अंकित वर्मा, कैलाश खारड़ा, कृष्णा मीणा, ओमप्रकाश राणवां, दीपक असवाल, लक्ष्मण सिंह नूनीवाल, नवलकिशोर धनवाडिया, किशन लाल मौर्य, रामस्वरूप मीणा एवं अन्य जन प्रतिनिधि सहित कई लोग मौजूद रहे।

---

**यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# 'मेरा पहला वोट' संदेश के साथ मैराथन में दौड़े हजारों लोग

**बेधड़क** | जयपुर

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से मिले देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के संकल्प के साथ रविवार को बगरू विधानसभा क्षेत्र में मैराथन हुई। इसमें दौड़े हजारों युवाओं ने 'मेरा पहला वोट' का संदेश दिया।

जगतपुरा स्थित बोम्बे हॉस्पिटल से सुबह 6.30 बजे मैराथन को यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन बीवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन के आयोजक अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यवीर



आलोरिया ने बताया कि मैराथन में हजारों लोग स्लोगन लिखी टी-शर्ट पहनकर दौडे।

मैराथन बोम्बे हॉस्पिटल से रवाना होकर अक्षरधाम मंदिर होते हुए करीब 5 किलोमीटर की दूरी तय कर वापस बोम्बे हॉस्पिटल पहुंची। मैराथन में विभिन्न वर्गों के विजेताओं को 5100 से 500 रुपए तक का नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस राजस्थान प्रभारी मो. शाहिद, सह प्रभारी रिसेंद्र मैहर, धीरज सिंह, युवा बोर्ड उपाध्यक्ष सुशील पारीक, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

**चुनावी तैयारियों में जुटी पार्टियां**

# आरएलपी 28 को निकालेगी 'सत्ता संकल्प' यात्रा

■ 'आप' एक्सपर्ट की मदद से कार्यकर्ताओं को सिखा रही सोशल मीडिया की बारीकियां

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक पार्टियां जोर- शोर से चुनावी तैयारियों में जुट गई हैं। इधर तीसरा मोर्चा भी चुनाव से पहले जीत के दावे के साथ जनता के बीच पहुंचने का प्लान बना रहा है।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी 28 से चुनावी रैलियां निकालकर प्रदेश की जनता के बीच जाएगी। आरएलपी सुप्रीमो तथा नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने बीजेपी कांग्रेस पर रविवार को जमकर हमला बोला। उन्होने कहा कि यात्रा के माध्यम से राजस्थान की जनता को हमारे एजेंडे से अवगत करवाएंगे। उधर आम आदमी पार्टी वॉलिंटियर्स को एक्सपर्ट्स की मदद से सोशल मीडिया की बारीकियां सीखाई जा रही हैं।



### सत्ता संकल्प यात्रा सालासर से होगी शुरू

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो तथा नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर 28 से सालासर से बालाजी महाराज के दर्शन कर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर जनसभा के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन के लिए सत्ता संकल्प यात्रा का आगाज किया जाएगा। बेनीवाल ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से राजस्थान की जनता को आरएलपी के एजेंडे से अवगत कराया जाएगा और राजस्थान का आम मतदाता अपने हक व अधिकार के लिए तथा व्यवस्था परिवर्तन के लिए मतदान करें इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जाएगा।

### नफरती एजेंडे पर नजर रखने को बनाई टीम

विधान सभा चुनावों की तैयारियों को लेकर आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन कर वॉलिंटियर्स को सोशल मीडिया की बारीकियां सिखाईं। प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा कि बीजेपी सोशल मीडिया पर जो जहर परोसती है उसे हमारे वॉलंटियर्स धरातल के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी उनके धराशायी करते नज़र आएंगे। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल की नीतियों और उनकी गारंटियों को सोशल मीडिया के ज़रिए जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस भले ही स्वघोषित मजबूत पार्टी समझ रहे हों, लेकिन गुटबाजी थमती नहीं दिख रही।

### प्रदेश को हर दिन होना पड़ रहा शर्मसार

बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान में जिस तरह अपराध बढ़े हैं उससे हर रोज राजस्थान को शर्मसार होना पड़ रहा है, लेकिन सरकार और भाजपा दोनों सत्ता की लड़ाई में व्यस्त है। बेनीवाल ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने कहा की राजस्थान अपराध में अभी एक नंबर पर नहीं है, लगता है वे प्रदेश को अपराध में अव्वल बनाने में लगे हुए हैं।

---

# कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के पदाधिकारी किए नियुक्त





**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस चुनावी तैयारियों में जुट गई है। इसी कड़ी में चुनाव प्रबंधन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने रविवार को सेंट्रल वॉर रूम के चेयरमैन और को-चेयरमैन की नियुक्ति की।

इसमें एक चेयरमैन और तीन को-चेयरमैन बनाए गए हैं। आईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर जानकारी दी। इसमें बताया कि शशिकांत सेंथिल को वॉर रूम का चेयरमैन बनाया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जसवंत गुर्जर और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैप्टन अरविंद को वॉर रूम का को-चेयरमैन बनाया गया।

गौरतलब है कि सेंथिल को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी सेंट्रल वॉर रूम का जिम्मा सौंपा गया था।

## जरूरी खबर

### दिनभर तेज तपिश के बाद शाम को हुई बरसात



**जयपुर।** राजधानी में दिनभर तेज धूप और उमस ने आमजन के पसीने छुड़ाए। यहां दिन में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी में रविवार को तापमान भले ही 35 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया हो मगर तेज धूप को देखकर एक बार तो लगा जैसा गर्मी के दिन आ गए हों। हालांकि, शाम को 5 बजे बाद आसमान में काले बादल छाए और बारिश हुई। इधर, रविवार को सबसे अधिक तापमान जैसलमेर में 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार 25 सितंबर के आसपास मानसून के विदा होने के लिए परिस्थितियां अनुकूल है, जबकि पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां आगामी सप्ताह में जारी रहने की सम्भावना है।

### जगतपुरा स्टेशन पर हत्या के मामले में एक गिरफ्तार



**जयपुर।** जवाहर सर्कल थाना पुलिस ने जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर हुई अधेड़ की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों को तलाश कर रही है। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि गुरुवार को हिसार-जयपुर पैसेंजर ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर मृतक चंद्राश और आरोपी दौसा के सैंथल निवासी जितेंद्र मीना के भी विवाद हो गया था। इस पर आरोपी ने अपने साथी हेमराज मीणा और अन्य के साथ डंडों से चंद्राश की हत्या कर दी। आरोपियों को पकड़ने में हेड कांस्टेबल ईश्वर चंद और कांस्टेबल हरिओम की विशेष भूमिका रही है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।


**नवाचार: आमजन की नहीं होगी एंट्री, विदेशी पर्यटकों और विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए मांगेंगे अनुमति**

# पुलिस लाइन में बनेगा 40 साल पुराने हथियारों का म्यूजियम

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** पुलिस लाइन चांदपोल में रियासतकालीन और दुर्लभ हथियारों का म्यूजियम बनेगा। इसमें 40 साल पुराने हथियार होंगे। इसके लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। योजना है कि हथियारों को लाइन के साथ में पीएचक्यू में अफसरों के ऑफिस के बाहर रखें। हालांकि, अभी तक इस पर पुलिस के उच्च अधिकारियों से अनुमति ली जाएगी। म्यूजियम में पुलिस परिवारों का प्रवेश होगा। साथ में विदेशी पर्यटक व स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं की एंट्री के लिए अनुमति ली जाएगी। हथियारों की सुरक्षा की दृष्टि से आमजन के लिए म्यूजियम में एंट्री नहीं होगी। म्यूजियम में रखने वाले हथियारों की छंटनी भी कर ली है।

### पिस्तौल और राइफलें सबसे ज्यादा

म्यूजियम में सबसे ज्यादा 1985 से पहले की 30 छोटी-छोटी पिस्तौल होंगी। इसके अलावा 27 राइफल, 10 पिस्टल, 15 रिवाल्वर, 10 तमंचा, 4 तोप, 2-2 बैनट, फर्शा व एयर पिस्टल, 6-6 भाले व चाकू, 1-1 देशी कट्टा, पिस्टल माउजर व गुप्ती और 13 तलवार होंगी।



### 130 हथियार रखे जाएंगे म्यूजियम में

जानकारी के अनुसार म्यूजियम में 130 रियासतकालीन व दुर्लभ हथियार को रखा जाएगा। इनमें छोटी पीतल की तोप समेत अन्य हथियार होंगे। सुरक्षा की वजह से हथियारों को कांच के बॉक्स में रखा जाएगा और वहां पर हथियार की जानकारी व खूबी के बारे में भी लिखा जाएगा। यह हथियार अलग-अलग बोर की सिंगल बैरल, ब्रिज लाडेड, टोपीदार, छोटे हथियार, डबल बैरल, डबल बोर और छोटी व बड़ी तलवारें हैं।

### चल रही तैयारी

"हथियारों की छंटनी हो चुकी है। फिलहाल पुलिस लाइन में संग्रहालय बनाने की तैयारी चल रही है। यहां पर पुलिस परिवार के साथ में हमारी योजना है कि स्कूल-कॉलेज स्टूडेंट व विदेशी पर्यटकों की भी एंट्री हो। इसके लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति ली जाएगी।

**राहुल प्रकाश,** एडिशनल पुलिस कमिश्नर, जयपुर

**कार्यवाहक महापौर पर मंथन कर रही सरकार**

# हेरिटेज में भी ग्रेटर निगम वाला फॉर्मूला अपना सकती है कांग्रेस

- सरकार केविएट की, तो मुनेश गुर्जर फिर से कोर्ट में जाने की तैयारी में
- गुर्जर के बच्चे के बयान को पार्टी हाईकमान ने माना अनुशासनहीनता

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम के महापौर पद से मुनेश गुर्जर के निलंबन के बाद सरकार ग्रेटर निगम जैसा माहौल बनाकर भाजपा के पार्षद को कार्यवाहक महापौर बनाने का दांव भी खेल सकती है। ग्रेटर निगम में भी सौम्या गुर्जर के निलंबन के बाद सरकार ने भाजपा की ही शील धाबाई को कार्यवाहक बना सबको चौंका दिया था। हालांकि, बाद में सौम्या फिर से महापौर के पद पर आ गई, लेकिन कांग्रेस के उस निर्णय से भाजपा में बड़ी फूट सामने आ गई थी। वहीं, इस मामले में मुनेश फिर से कोर्ट में जाने की तैयारी कर रही है। इसलिए सरकार भी अब केविएट लगाने की तैयारी में जुट गई है। पिछली बार कोर्ट में कमजोर पैरवी और कार्यवाहक महापौर बनाने में देरी के चलते सत्ताधारी कांग्रेस मुनेश गुर्जर के मामले में बेकफुट पर आ गई थी, लेकिन इस बार मुनेश गुर्जर के 14 साल के बच्चे का मंत्री प्रताप सिंह के खिलाफ बयान दिलवाना सरकार को नागवार गुजरा है। ऐसे में इस घटना को कांग्रेस ने अनुशासनहीनता मानते हुए महापौर मुनेश को फिर से निलम्बित करने का कदम उठाया है।




### होगी न्यायिक जांच

हालांकि, सरकार ने मुनेश गुर्जर के खिलाफ न्यायिक जांच भी शुरू करवा दी है। न्यायिक जांच प्रभावित नहीं हो इसे देखते हुए सरकार ने मुनेश गुर्जर को पद से निलंबित किया है। कानून से जुड़े जानकारों की माने तो अगर मुनेश गुर्जर न्यायिक जांच में दोषी पाई जाती है तो उनको पद से बर्खास्त करते हुए 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

### कार्यवाहक महापौर शीघ्र

जानकारों की मानें तो इस बार मुनेश गुर्जर के निलम्बन के बाद सरकार जल्द ही कार्यवाहक महापौर नियुक्त कर सकती है। इस प्रकरण से कांग्रेस शहर की विधानसभा सीटों पर चुनाव में वोट भुनाने का काम कर सकती है। इसके लिए सरकार ग्रेटर निगम जैसा कदम उठा भाजपा के किसी पार्षद को कार्यवाहक महापौर बना सकती है। इससे परकोटे के अलावा शहर की अन्य विधानसभाओं में भी सरकार हिन्दुओं के प्रति सोफ्ट कॉर्नर दिखा भाजपा के वोट बैंक में सेंध मार सकती है। इस मामले में संभावना है कि सरकार निर्दलीय पार्षद राबिया गुडएज या भाजपा समर्थित निर्दलीय पार्षद कुसुम यादव में से किसी एक का नाम फाइनल कर सकती है। हालांकि, मुस्लिम वोट बैंक खिसकने के डर से किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्षद नसरीन बानो का नाम भी मंथन चल रहा है।

### कोर्ट स्टे आने के बाद से हमलावर हो रही थी मुनेश



पहले निलम्बन पर 23 अगस्त को कोर्ट ने रोक लगा दी थी। कोर्ट से राहत मिलते ही मुनेश गुर्जर लगातार निगम अधिकारियों और प्रतापसिंह गुट पर हमालावर हो रही थी। मुनेश गुर्जर ने 5 सितंबर को सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई थी। उन्होंने अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा के खिलाफ दोबारा मोर्चा खोलते हुए उनके ट्रांसफर को मुद्दा बनाया और सरकार से शिकायत की। वहीं, सिविल लांइस विधानसभा से भी विधायक प्रत्याशी के लिए दावेदारी जताकर मंत्री प्रताप सिंह को खुली चुनौती दे दी थी। अब मुनेश के 14 साल से बेटे ने प्रताप सिंह और पार्षद मनोज मुद्गल पर आरोप लगा फिर से विवाद को ताजा कर दिया।

**शौर्य जागरण यात्रा का हुआ समापन**

# रैली में सनातन धर्म के प्रति किया जागरूक




बेधड़क | जयपुर

सनातन धर्म के प्रति हिंदू समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बजरंग दल ओर से निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा का समापन अंबावाडी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में रविवार को हुआ।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद्, बजरंग दल के लगभग 24 जिलों से खंड प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि शौर्य जागरण यात्रा का प्रवास राजस्थान के 75 जिलों, 503 प्रखंडों, 9000 गांवों में रहा। इसका उद्देश्य हिंदू समाज को जोड़कर देश उत्थान और समाज पर हो रहे निरंतर अत्याचारों के विरुद्ध एक सशक्त ताकत बनकर खडा होना है। यात्रा के माध्यम से हिंदू समाज के वीर वीरांगनाओं की शौर्य गाथाएं, मुगलों के आक्रमण, यूरोपियन शासन, भारत के विभिन्न मुक्ति संग्राम, लव जिहाद, गौ हत्या, ईसाई धर्मांतरण, हिंदू पलायन जैसी घटनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक कर अपने इतिहास पर गौरवान्वित कराया गया। इस अवसर पर हिंदू संगम कार्यक्रम में निकाली भगवा वाहन रैली का युवाओं और मातृशक्ति में खासा उत्साह दिखा। समाज के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने रथ का पूजन और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। समापन सत्र में संत हरिशंकर दास वेदांती महाराज, बालमुकुंदाचार्य महाराज और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत अधिकारी मौजूद रहे।

**महिलाओं को 33% आरक्षण मिलने पर मनाई खुशी**

# पीले चावल से मोदी की सभा का न्योता

बेधड़क | जयपुर

देश में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल सदन में पास होने के बाद प्रदेश की महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। रविवार को भाजपा प्रवक्ता एकता अग्रवाल ने कैलाशपुरी टोंक रोड स्थित श्रीराम मंदिर में सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी के जयपुर आगमन पर स्वागत में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवक्ता अग्रवाल ने बताया कि पीएम मोदी की जयपुर में सभा होने जा रही है। भाजपा मोदी की सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी है।



उन्होंने बताया कि हमारा ये बिल दशकों से पास नहीं हो रहा था। प्रधानमंत्री ने इसे पास कराकर मातृशक्ति को और अधिक शक्तिशाली बनाया है। भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने दादिया ग्राम पंचायत में हो रहे मोदी के कार्यक्रम के लिए पीले चावल वितरित कर आमंत्रित किया गया। इस दौरान एकता अग्रवाल, रूबी मित्तल, शालिनी पारीक, नेहा त्यागी, रोजी नवाब, शकुंतला अग्रवाल व सभी मातृशक्ति मौजूद रही।

**वरिष्ठ पत्रकार माथुर को विनायक शर्मा ने दी श्रद्धांजलि**

# मनोज का जाना पत्रकार जगत के लिए आघात

बेधड़क | जयपुर

वरिष्ठ पत्रकार मनोज माथुर की श्रद्धांजलि सभा रविवार को गांधी नगर क्लब में आयोजित हुई। यहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत अनेकों नेताओं ने अपने शोक संदेश भेजे। वहीं, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भी शोक संदेश भेजकर माथुर के निधन पर दुःख प्रकट किया। विनायक ने अपने संदेश में लिखा- 'माथुर जी के निधन का समाचार बेहद हृदय विदारक है। मनोज जी का यूं चले जाना आपके परिवार ही नहीं, बल्कि पत्रकार जगत के लिए भी बड़ा आघात है।' श्रद्धांजलि सभा में 'सच बेधड़क अखबार के संपादक व टीवी के इनपुट एडिटर पंकज सोनी व मैनेजिंग एडिटर सुधांशु माथुर भी पहुंचे।



**झालानी को दी श्रद्धांजलिः** पत्रकारिता के एनसाइक्लोपीडिया और डिक्शनरी के नाम से विख्यात वरिष्ठ पत्रकार सीताराम झालानी के निधन पर राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट समेत कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

**सिसोदिया के परिवार से मिल भावुक हुए गजेन्द्र सिंह :** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने रविवार को वरिष्ठ वीडियो जर्नलिस्ट महेश सिसोदिया के सूरजपोल मंडी स्थित आवास पर परिजनों को सांत्वना दी। शेखावत ने सिसोदिया के परिवार की 1 लाख रुपए दिए और उनके भाई की किसी अन्य जगह नौकरी लगाने का आश्वासन दिया।

**अखिल भारतीय नामदेव छीपा टांक दर्जी समाज की महापंचायत में उठाई मांग**

# पार्टियां 5-5 टिकट दें, सरकार बनाए वस्त्र रंगाई-छपाई-सिलाई कला बोर्ड

बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतीय नामदेव छीपा टांक दर्जी समाज की ओर से रविवार को मानसरोवर स्थित वीटी रोड मैदान में महापंचायत का आयोजन हुआ। इस मौके पर समाज के लोगों ने आगामी चुनावों में दोनों पार्टियों से पांच-पांच सीटों पर टिकिट की मांग की है।

राजस्थान प्रान्तीय नामदेव छीपा समाज महासभा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष और महापंचायत के मुख्य आयोजक अशोक गोठरवाल ने बताया कि महापंचायत में करीब 50 हजार से अधिक समाज बंधुओं ने शिरकत की। गोठरवाल ने बताया कि महापंचायत के दौरान समाज बंधुओं ने प्रदेश में भी मध्यप्रदेश की तर्ज पर वस्त्र रंगाई, छपाई, सिलाई कला बोर्ड बनाने की मांग की।

वहीं, आगामी विधानसभा चुनावों में दोनों प्रमुख पार्टियों से पांच-पांच टिकिट दें। इसके अलावा देवउठनी एकादशी पर संत नामदेव महाराज की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने, ओबीसी की जातिगत जनगणना कर जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने, नामदेव समाज के कल्याण के लिए रंगाई, छपाई और सिलाई करने वाले लोगों के लिए ऑटिज्म कार्ड बनाने मांग भी की।

महापंचायत में सर्व नामदेव छीपा-दर्जी टांक समाज में बेटी व्यवहार करने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई। समाज के लोगों से भी शैक्षणिक कार्य के लिए 50 बीघा और प्रत्येक जिले में पांच-पांच बीघा भूमि का रियायती दरों पर आवंटन करने की मांग की।

इस अवसर पर अरुणा टांक,सुरेश टांक (बाटू) अध्यक्ष विठ्ठल नामदेव फाउंडेशन, अजमेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. मोहनलाल छीपा, महावीर टेलर (रामाज कुरती और रिसॉर्ट्स) चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष, उद्योगपति मोहित टेलर, घनश्याम गोठवाल विठ्ठल फाउंडेशन, कुंज बिहारी छीपा तोणगरिया और राम रतन धनोपिया मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा।







### संगठित होकर काम करने की जरूरत: गजेंद्र

दूसरी ओर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज देश, धर्म और संस्कृति पर चहुंओर से हमले हो रहे हैं। इसके लिए हमें जातियों से ऊपर उठकर संगठित होकर काम करना होगा। इसके लिए सभी समाजों को एक होकर सनातन संस्कृति पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। शेखावत रविवार को हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समाज की प्रतिभाओं का इस पटल पर सम्मान प्रशंसनीय है। ब्राह्मण समाज की जिम्मेदार और अधिक है, क्योंकि समाज को दिशा दिखाने का काम ब्राह्मण समाज ने किया है। देश को प्रथम मानते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी काम कर रहे हैं। सभी समाजों को आगे बढ़ाते हुए गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए काम हो रहा है।

जरूरी खबर

## परिवहन मंत्री ओला का नागरिक अभिनंदन




**झुंझुनूं।** गुढ़ा रोड पर स्थित गोल्डन सिटी में रविवार को परिवहन व सड़क सुरक्षा मंत्री बृजेंद्र ओला का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस मौके पर ओला ने कहा कि शहर की सभी कॉलोनियों में सुविधाएं देने के लिए वे कृत संकल्पित हैं। गोल्डन सिटी पहुंचने पर परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला का आतिशबाजी और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। उन्हे 51 किलो फूलों की माला भी पहनाई गई। इस दौरान प्रधान पुष्पा चाहर, सरजीत ओला व ओमप्रकाश बोहरा भी मौजूद रहे।

## चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने पर BLO सस्पेंड

**अजमेर।** चुनाव संबंधी काम में गंभीर लापरवाही बरतने पर अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के एक बीएलओ करण सिह को निलम्बित कर दिया गया है। वह जलदाय विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत है और विधानसभा क्षेत्र अजमेर उत्तर (100) की भाग संख्या 136 में बूथ लेवल अधिकारी है। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी परासाराम ने बताया कि विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदान स्थल भौगोलिक स्थिति, मतदान स्थल पर आवश्यक सुविधाएं, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के सत्यापन इत्यादि कार्य किया जाना था। ऐसा नहीं करने पर बीएलओ को निलंबित किया गया है।

## कड़वासर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**चूरू।** कड़वासरा प्रीमियम लीग का उद्घाटन शनिवार को हुआ। मुख्यअतिथि एआईसीसी सदस्य और राष्ट्रीय संयोजक ओबीसी विभाग तनवीर खान ने फीता काटकर उदघाटन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर तनवीर खान ने कहा कि खेलों से न केवल शरीर और दिमाग दोनों स्वस्थ रहते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मुहीम को हम आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में लालचंद सैनी, महेश मिश्रा, सरपंच बंशीधर मेघवाल, हनुमान बुंटिया, सुनिल कस्वां, राजेश चौधरी, अल्ताफ पीथीसर, युसूफ प्रधान आदि मौजूद रहे।

**शाही शादी:** झीलों की नगरी में लगा हस्तियों का जमघट, विंटेज कार में दुल्हन की हुई विदाई

# एक-दूजे के हुए राघव परिणीति, 18 नावों पर निकली बारात

**बेधड़क** | उदयपुर

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा रविवार ने जीवन राह पर साथ चलने के लिए एक-दूजे का हाथ थामा और परिणय सूत्र में बंध गए। झीलों की नगरी उदयपुर में दोनों की पंजाबी परंपरा के अनुसार शादी हुई।


इससे पहले वारमाला की रस्म हुई। राघव और परिणीति ने एक-दूसरे को वरमाला बनाई और फिर फेरे हुए। इस दौरान मेहमानों ने उन पर गुलाब के फूल बरसाए। पिछोला झील से राघव दोपहर 3 बजे 18 नावों पर बारात लेकर परिणीति से शादी के लिए निकले। इस दौरान अलग-अलग नाव में बाराती मौजूद थे। दिल्ली के बैंड के साथ बाराती झूमते-नाचते हुए होटल लीला पैलेस पहुंचे। बारात में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी थिरकते हुए नजर आए।

बारात के लिए नावों को भी शाही अंदाज में सजाया गया था। बारात के लीला पैलेस पहुंचने पर परिणीति के परिवार ने शाही अंदाज में बारातियों का स्वागत किया। इसके बाद वरमाला और फेरे की रस्म हुई। शादी होने के बाद राघव परिणीति को लेकर विंटेज कार कपल महाराजा सुईट पहुंचे।



विदाई के दौरान परिणीति भावुक नजर आईं। 'तेनु लेके मैं जावांगा', 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है' जैसे गानों के साथ परिणीति की विदाई हुई।

### शादी में पहुंची कई दिग्गज



राघव-परिणीति की शादी में शामिल होने के लिए रविवार को भी सुबह से मेहमानों के आने का सिलसिला जारी रहा। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, आदित्य ठाकरे शादी में शामिल होने पहुंचे। वहीं क्रिकेटर क्रिकेटर हरभजन सिंह अपने परिवार सहित पहुंचे। टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा भी लीला होटल पहुंची। इससे पहले शनिवार रात को हुई संगीत सेरेमनी की तस्वीरें भी सामने आई हैं। इस सेरेमनी में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सिल्वर कलर का गाउन और ने राघव ब्लैक सूट पहना था। जानकारी के अनुसार इस सेरेमनी में पंजाब से ढोल आर्टिस्टों को बुलाया गया था। संगीत सेरेमनी में परिणीति और राघव के साथ उनके दोस्तों ने भी जमकर डांस किया।

### राजस्थानी रंग में नजर आए बाराती

राघव के साथ बारात में शामिल हुए बाराती राजस्थानी लुक में सज रहे थे। बारातियों ने राजस्थानी साफा पहना हुआ था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह और अन्य कई राजनेता और बॉलीवुड कलाकार, खिलाड़ी और कई हस्तियां बारात में शामिल हुई। राघव चड्ढा की पसंद पर विंटेज कार का इंतजाम किया गया था। शादी में बारातियों को राजस्थानी और पंजाबी पकवान परोसे गए। इसके साथ ही अलग-अलग राज्यों के साथ ही इटालियन और फ्रेंच डिशेज भी मेन्यू में शामिल किए गए थे।

दौसा और नागौर में दुर्घटना के बीच मची चीख-पुकार

# तीन सड़क हादसों में नौ की मौत, 16 लोग घायल

**बेधड़क** | दौसा

प्रदेश के दो जिलों में रविवार को तीन जगहों पर भीषण सड़क हादसे हुए। नागौर में दो जगह और दौसा में एक जगह एक हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई वहीं करीब 16 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दौसा में सुबह नेशनल हाईवे-21 पर लोक परिवहन बस ने टेंपो को टक्कर मार दी।

इसके बाद बस अनियंत्रित हो गई और सड़क पर जा रहे पद यात्रियों को भी रौंद दिया। सभी घायलों को शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां, चिकित्सकों ने उपचार के दौरान 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक बच्चा, तीन पुरुष और एक महिला है। वहीं चार लोगों को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया है। टेंपो में सवार सभी लोग कैलादेवी दर्शन कर मध्यप्रदेश लौट रहे थे।

वहीं पैदल जा रहे पदयात्री भैरू बाबा के दर्शन कर वापस में महवा लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक यह हादसा नेशनल हाईवे 21 पर महवा-हिंडौन मार्ग के पास टिकरी मोड़ के समीप सुबह करीब 11:15 बजे हुआ। लोक परिवहन बस तेज रफ्तार से महवा से हिंडौन जा रही थी। वहीं हिंडौन की तरफ से टेंपो आ रहा था। टेंपो में सवार सभी यात्री मध्यप्रदेश से कैलादेवी के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने महवा-हिंडौन मार्ग के पास टिकरी मोड़ के समीप टेंपो को टक्कर मार दी। इसके बाद बेकाबू हुई बस ने पद यात्रियों को भी रौंद दिया। लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग और राहगीर मदद के घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।



पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। हादसे में टैंपो में सवार दो लोगो और तीन पैदल यात्रियों की मौत हो गई।

### दामाद, ससुर और दोहिते की मौत


मृतकों में दामाद, ससुर और दोहिता सहित पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों में मंगती (36) पुत्र कालूराम निवासी गुर्जर गोहडी, प्रियांशु (2) पुत्र मंगती, देवकीनंदन (60) योगी पुत्र बाबूलाल निवासी महवा, गुलाब देवी (40) पत्नी राजू निवासी तुंगड जिला पन्ना मध्यप्रदेश और आसिफ अली पुत्र कासिम अली निवासी हिंडौन है। हादसे के बाद विधायक ओमप्रकाश हुड़ला, एसडीएम लाखन सिंह, डीएसपी प्रेम बहादुर निर्भय, पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शंकर बोहरा समेत बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में घायल और उनके परिजनों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

### श्रद्धालुओं की बोलेरो कैंपर से भिड़ी



**नागौर।** जिले में ही दूसरा हादसा मेड़ता के पास रविवार तड़के 3 बजे हुआ। इसमें बोलेरो और कैंपर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 80 साल की महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 8 लोग घायल हो गए, जिनमें 3 की हालत गंभीर है। मेड़ता थानाधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे 58 स्थित दरियाव खेजड़ा और लांछ की ढाणी के बीच हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ही वाहनों के ड्राइवर साइड के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो में दस लोग सवार थे। वहीं, हादसे के बाद बोलेरो कैंपर सवार लोग फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सवाईमाधोपुर से एक परिवार के लोग बोलेरो से बुटाटी स्थित संत चतुरदास महाराज के धाम पर फेरी लगाने जा रहा थे। मेड़ता सिटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 80 साल की स्वरूपी पत्नी नाथूलाल मेघवाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाकी 9 घायलों को अजमेर रेफर कर दिया। अजमेर ले जाते समय बामणवास निवासी चंद्रप्रकाश (40) पुत्र गिरीराज बैरवा ने भी दम तोड़ दिया।

### दो ट्रकों में आग, जिंदा जला चालक



**नागौर।** डीडवाना-कुचामन जिले से गुजर रही निमोद के पास मेगा हाईवे पर रविवार को दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में एक ट्रक चालक जिंदा जल गया। जानकारी के अनुसार हादसा डीडवाना कुचामन जिले से गाय वाले किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर अलसुबह निमोद गांव के समीप हुआ। एक ट्रक अजमेर की तरफ आ रहा था। वहीं भीलवाड़ा की तरफ से आ रहे दूसरे ट्रक चालक को नींद की झपकी आने के कारण ट्रेलर गलत दिशा में चला गया। इसके कारण दोनों वाहनों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से एक ट्रक चालक जिंदा जल गया। उसकी पहचान केकड़ी जिले के भिनाय तहसील के प्रतापपुरा गांव निवासी सुरेंद्रपाल भील के रूप में हुई। वहीं दूसरे ट्रक के चालक एवं खलासी ने ट्रक से कूदकर जान बचाई। हालांकि वो दोनों भी मामूली रूप से झुलस गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सीआईडी की सूचना पर कार्रवाई, दस आरोपी नामजद

# शातिर साइबर ठग गिरफ्तार 26 एटीएम कार्ड बरामद

**बेधड़क** | अलवर

पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की सूचना पर अलवर की कोतवाली थाना पुलिस टीम ने ज्योति राव सर्किल के पास एटीएम मशीनों से साइबर ठगी की रकम निकलने का प्रयास कर रहे थाना बगड़ तिराहा इलाके के खूंटेटा कला निवासी शातिर ठग नवीन गोस्वामी (27) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से विभिन्न बैंकों के 26 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की ओर से 20 फीसदी कमीशन बेस पर साइबर ठगी का पैसा निकाला जा रहा था और कमीशन बेस पर ही फर्जी एटीएम कार्ड भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। आरोपी नवीन गोस्वामी से पूछताछ में अलवर व भरतपुर जिले के 10 अन्य साइबर



ठगों को नामजद किया गया है, जिनकी तलाश में टीमें गठित की गई हैं। एडीजी एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल कमल सिंह को साइबर ठगों के बारे में सूचना मिली थी।

शनिवार को कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई कि मनु मार्ग स्थित एटीएम मशीनों से एक संदिग्ध युवक साइबर ठगी की रकम निकालने के लिए घूम रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम ने मनु मार्ग पर ज्योति राव सर्किल की तरफ एटीएम के पास खड़े युवक नवीन गोस्वामी को डिटेन कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अलवर के खैरथल निवासी आबिद खान, छोटा गोठड़ा निवासी आलम, पाली नांगल निवासी यूनुस, पाली निवासी हेमंत, खूंटेटा कला निवासी शौकीन, भरतपुर में बरलाका निवासी शकील, इमरान और शकी मोहम्मद ऑनलाइन साइबर ठगी कर बैंकों में रकम डलवाते हैं।

पथरोडा निवासी अरसद और मुण्डपुरी निवासी राहुल मेव ने उसे यह एटीएम कार्ड लाकर दिए थे। आरोपी 20 फीसदी कमिशन पर इन एटीएम से पैसा निकलवा कर साइबर ठगों को पहुंचा देता है। कार्रवाई में इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा, रामनिवास, कमल सिंह, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, भूपेंद्र शर्मा व कांस्टेबल चालक विश्राम की विशेष भूमिका रही।

महावीरजी में पर्युषण पर्व की रौनक

## सुगंध दशमी पर खुशबू से महक उठे जिनालय



**बेधड़क** | श्रीमहावीरजी

पर्युषण पर्व के छठे दिन सुगंध दशमी का पर्व रविवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने अष्टकर्मों के नाश के लिए मंदिरों धूप खेई।

प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी ने बताया कि श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र के दिगंबर जैन सकल समाज ने छठे दिन सुगंध दशमी के पर्व मनाया। इस अवसर पर जुलूस के साथ और धर्म सभा से आयोजन का शुभारंभ हुआ। मुख्य मंदिर में भगवान महावीर के समक्ष श्रद्धालुओं ने धूप खेप कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान पंडित मुकेश जैन शास्त्री ने कहा कि दशलक्षण पर्व का छठा दिन अपनी इंद्रियों को वश में कर संयम से रहने की सीख देता है।

संयम से जीवन व्यतीत करने वाला प्राणी सुखी रहता है। इस मौके पर दिगंबर जैन मुख्य मंदिर में सुबह अभिषेक, शांति धारा के बाद नित्य पूजन हुआ। इसके बाद सुगंध दशमी के कार्यक्रम हुए, जिनमें सकल जैन समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा में बनेगी 151 किलो की रोटी

**भीलवाड़ा।** जिले में सबसे बड़ी रोटी का रिकॉर्ड बनने वाला है। आठ अक्टूबर को यह आयोजन होगा। विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने को लेकर भीलवाड़ा के लोगों में काफी उत्साह भी है। यह आयोजन हरि सेवा धाम की ओर से किया जाएगा। यहां 151 किलो की रोटी बनाकर नया कीर्तिमान बनाया जाएगा। इससे पहले सबसे बड़ी रोटी का रिकार्ड जामनगर के नाम है। यहां 145 किलोग्राम की रोटी को बनाया गया है। हरिसेवा धाम के संत हंसराम ने बताया इस रोटी को बनाने के लिए एक दर्जन हलवाई काम करेंगे। रोटी के लिए 16 गुना 16 फीट का खास तवा बनवा कर काम में लिया जाएगा। धीमी आंच पर रोटी को पकाया जाएगा। इसके लिए 17 से 18 भट्टी काम में आएगी। रोटी की साइज 11 गुणा 11 फीट की और मोटाई तीन इंच की होगी। दुनिया की सबसे बड़ी रोटी बनाने में 155 किलो गेहूं का आटा लगेगा। ये रोटी जब बनकर तैयार होगी तो इसका वजन करीब 151 किलोग्राम तक होगा।

भिवाड़ी में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट को किया जा रहा अपग्रेड

# सीईटीपी से जुड़ेंगी औद्योगिक इकाइयां, जल प्रदूषण से मिलेगी निजात

**बेधड़क** | अलवर

जनता को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सके एवं उद्योगों में सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देकर सुगम संचालन की राह को आसान किया जा सके, इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के भिवाड़ी क्षेत्रीय मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि भिवाड़ी न केवल राज्य के लिए बल्कि सम्पूर्ण देश में एक महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरी है।

इसको देखते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। शर्मा ने बताया कि वर्तमान सीईटीपी को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके तहत सीईटीपी को 06 एमएलडी क्षमता के जेडएलडी में रूपांतरित किया जाएगा। इस प्लांट में औद्योगिक इकाइयों के निकलने वाले गंदे पानी को शोधित कर वापस औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचा कर पुनरुपयोग किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 60 किलोमीटर की लाइन गंदे पानी को लाने तथा 100 किलोमीटर की लाइन उपचारित पानी को पुनः सप्लाई के लिए बिछाई गई है। इसमें पूर्व में 220 इकाइयां जुडी हुई थी, वहीं अब मंडल एवं प्रशासन के संयुक्त एवं सतत प्रयासों से लगभग 500 इकाइयां जुड़ चुकीं हैं। वहीं शेष इकाइयों को जोड़ने का कार्य लगातार जारी है।




इस कार्य के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से 16 निगरानी दलों का निर्धारण किया गया है। अब सीईटीपी के जरिये अपशिष्ट उपचार लागत कम होगी साथ ही बेहतर सामूहिक अपशिष्ट उपचार प्रदान करने और एमएसएमई औद्योगिक ईकाइयों के लिए लागत को कम करने में भी मदद मिलेगी। वही ऐसी इकाइयां जो व्यक्तिगत उपचार संयंत्रों की स्थापना एवं संचालन का खर्च वहन नहीं कर सकती उन्हें भी अपशिष्ट उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में भी किया सुधार

प्रदूषण से आमजन को निजात दिलाने के लिए शहरी सीवेज लाइन तथा उपचार संयंत्रों के रख-रखाव तथा संचालन को भी सुधारा गया है| वहीं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा नगर परिषद् एवं बीडा को एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की कार्यप्रणाली में सुधार करने एवं सीवर लाइन में रुकावटों को सुपर सकर मशीन से साफ करने के लिए निर्देशित किया गया था। वर्तमान में 4 एमएलडी का एसटीपी प्लांट बीडा के द्वारा एवं 9.5 एमएलडी के एसटीपी प्लांट नगर निगम भिवाड़ी द्वारा सुचारु रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इसी के साथ बीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में अधिक एसटीपी स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि आवासीय क्षेत्र से उत्पन्न घरेलू अपशिष्ट जल और खुले नालों में नहीं जा सकें।

### अमृत-II प्रोजेक्ट के तहत अतिरिक्त सीवर लाइन

अमृत-II प्रोजेक्ट के अंतर्गत नगर परिषद् द्वारा शहर में अतिरिक्त सीवर लाइन बिछाने तथा 32 एमएलडी क्षमता का नया उपचार संयंत्र की योजना भी अनुमोदित करवाई गई है। इसका कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार बीड़ा (भिवाड़ी इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथॉरिटी) एवं स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयास से घरेलु एवं बारिश के जलभराव की समस्या से भी भिवाड़ी को शीघ्र ही मुक्त किया जाएगा। इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा चुकी है। गौरतलब है भिवाड़ी राज्य का एक वृहद एवं महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है एवं राज्य की अर्थव्यवस्था में भी भिवाड़ी का महत्वपूर्ण योगदान है न केवल स्थानीय बल्कि देशी विदेशी उद्योगों ने भी भिवाड़ी को औद्योगिक नगरी के रूप में एक नए आयाम देने का कार्य किया है ऐसे में प्रदूषण मुक्त भिवाड़ी की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा अभूतपूर्ण प्रयास प्राथमिकता से किए जा रहे हैं।



‘राजनीति से लेकर खेल तक...म्हारी छोरियां छोरों से कम है के’

## अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस

- हर क्षेत्र में पिता की विरासत को संभाला
- जग में नाम कर रही हैं रोशन

# घर का चिराग बनी बेटियां

जयपुर. म्हारी छोरियां छोरों से कम है के.. एक फिल्म का यह संवाद भारत की बेटियों पर पर बिल्कुल सटीक बैठता है। बेटियां जो बेटों को हर क्षेत्र में टक्कर देती नजर आती है। राजनीति से लेकर फिल्मों तक, पिता की विरासत को बेटियों ने आगे बढ़ाया है। जो नाम पिता ने कमाया, बेटियों ने उस नाम में चार चांद लगाए। ऐसी ही एक बेटी देश की प्रधानमंत्री भी बनी, इंदिरा गांधी। आयरन लेडी से लेकर आलिया भट्ट तक, पिता के नाम को आगे बढ़ाने का काम बखूबी किया है।



### इंदिरा: एक बेटी जो बनी आयरन लेडी

60 के दशक में देश का सबसे मजबूत राजनीतिक व्यक्ति यानी जवाहर लाल नेहरू जैसे व्यक्तित्व बीमारी के चलते कमजोर पड़ने लगा था और ऐसे में उसकी बेटी इंदिरा ने उन्हें और उनकी विरासत को थामा। दहलीज से बाहर निकलकर इंदिरा ने अपने कदम पिता जवाहरलाल नेहरू की चौखट की ओर बढ़ा दिए। इंदिरा का बचपन आंदोलनों के साये में गुजरा था। इलाहाबाद का स्वराज भवन इंदिरा की पहली पाठशाला थी। पिता देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे तो मां कमला नेहरू भी आजादी के आंदोलनों में सक्रिय थीं। इंदिरा ने अपने कई साक्षात्कारों में भी बताया था कि उनका बचपन सामान्य नहीं था और तीन साल की उम्र से ही उनका सार्वजनिक जीवन शुरू हो गया था। इंदिरा गांधी में गहरी राजनीतिक दूरदर्शिता अपने पिता जवाहरलाल नेहरू के साथ रहने से आई थी। पिता जवाहर लाल नेहरू आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वालों में शामिल थे। 1919 का वही दौर था, जब जवाहरलाल नेहरू महात्मा गांधी के सानिध्य में आए थे। इंदिरा गांधी ने अपने पिता जवाहरलाल नेहरू से राजनीति का ककहरा सीखा। बचपन में वो अपने पिता के साथ राजनीतिक बैठकों में शामिल हुआ करती थीं। जब वो पढ़ाई के लिए विदेश गईं तो खतों के जरिए अपने पिता के साथ जुड़ी रहीं। 1947 से 1964 तक इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्री पिता के साथ काम करना शुरू कर दिया और यहीं से इंदिरा को उनके पिता ने अपनी राजनीतिक विरासत सौंपनी शुरू कर दी। इंदिरा उनकी इकलौती संतान भी थी। इंदिरा में वह अपनी राजनीति का भविष्य देख रहे थे और मजबूत उत्तराधिकारी भी तय कर रहे थे। 1964 में जवाहरलाल नेहरू का निधन हो गया। उस समय इंदिरा टूट गईं और अकेली पड़ गईं। मगर 1966 में वह देश के सबसे ताकतवर पद पहुंच गईं। यानी प्रधानमंत्री बनीं और पिता से सीखे गुरों के आधार पर देश की बागडोर संभाली।



### सुष्मिता सेन: भारत की पहली मिस यूनिवर्स

बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन भारत की पहली मिस यूनिवर्स हैं। वह मात्र 18 साल की थी जब उन्होंने 1994 में इस खिताब को अपने नाम किया था। उन्होंने न सिर्फ मिस यूनिवर्स जीतकर मिसाल कायम की बल्कि 25 साल की उम्र में एक बच्ची को गोद लेकर समाज की रूढ़ीवादी परंपरा को तोड़ने का भी काम किया।



### किरण बेदी: पहली महिला आईपीएस ऑफिसर

सिविल सेवा की क्षेत्र में किरण बेदी का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। किरण बेदी भारत की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर हैं, लोग उन्हें साहस और बहादुरी का प्रतीक मानते हैं। उन्हें साल 1979 में राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार, 1980 में वुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार और 1994 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला। वर्तमान में वो पुडुचेरी की उपराज्यपाल रही हैं।



### मेरीकॉम: मुक्केबाजी का सितारा

मणिपुर की मैंगते चंग्नेइजैंग मेरीकॉम महिला मुक्केबाज हैं। मेरीकॉम बॉक्सिंग की दुनिया का वो सितारा हैं जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। मेरीकॉम दो बच्चों की मां हैं और उन करोड़ों महिलाओं की आदर्श हैं जो कुछ करना चाहती है। मेरीकॉम के नाम छह विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप है। विलक्षण प्रतिभा के लिए भारत सरकार उन्हें अर्जुन अवॉर्ड, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे अवॉर्डो से सम्मानित कर चुकी है।



### कल्पना चावला: स्पेस में जाने वाली पहली भारतीय महिला

हरियाणा के करनाल में जन्मी कल्पना चावला अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वह न सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर की महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। वह पहली बार साल 1997 में अंतरिक्ष में गई और कुल 372 घंटे वहां बिताए। इसके बाद साल 2003 में उन्हें दूसरी उड़ान के लिए चुना गया, लेकिन दुर्भाग्यवश 1 फरवरी, 2003 को अंतरिक्ष शटल कोलंबिया में एसटीएस-107 मिशन पर कल्पना चावला की मृत्यु हो गई।



### साइना नेहवाल: स्मैस से जीता लोगों का दिल

साइना नेहवाल भारत की महिला एथलीट हैं जिन्होंने देश के लिए बैडमिंटन में पदक जीता था। सायना ने यह खिताब 4 अगस्त, 2012 को लंदन ओलंपिक में जीता था। इसके अलावा विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप और सुपर सीरीज टूर्नामेंट जीतने वाली भी पहली भारतीय खिलाड़ी हैं।

### क्यों मनाते हैं बेटी दिवस

**हर साल अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस 25 सितंबर को मनाया जाता है। बेटियों के प्रति समाज में जिस तरह से भेदभाव देखने को मिलता है उसे खत्म करने, लिंगानुपात की समस्या को समान करने, कुरीतियों को समाप्त करने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बेटी दिवस मनाया जाता है। इसका असर ये हुआ है कि अब धीरे-धीरे भारतीय समाज जागरूक हो रहा है और बेटियों को उनका अधिकार मिलने लगा है। बेटियों ने भी दिखा दिया कि उन्हें मौका दिया जाए तो वो कुछ भी हासिल कर सकती हैं। आज बात उन बेटियों की जिसने अलग अलग क्षेत्र में अपनी काबिलियत से मिसाल कायम की और देश में प्रेरणा बनकर उभरी हैं।**

### बॉलीवुड में ऐसे कई है नाम

- **काजोल:** वे बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री तनुजा की बेटी है। बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक हिट देने के बाद काजोल ने अपने पारिवारिक जीवन के महत्वता दी, लेकिन फिल्मों को पूरी तरह से नहीं छोड़ा। काजोल आज भी कई फिल्में करती हैं और लोगों का मनोरंजन करती हैं।
- **करीना कपूर और करिश्मा कपूर:** इन दोनों स्टार बहनों को कौन नहीं जानता। जब कपूर इंडस्ट्री से आउट था तब इन दोनों ने आकर न केवल अपना नाम बनाया बल्कि अपने खानदान का भी नाम रोशन किया। करिश्मा ने तो अपने कॅरिअर की स्टार्टिंग में बहुत छोटी छोटी फिल्मों से की थी और एक वक्त इंडस्ट्री की सबसे सफल अदाकारा रहीं। बेबो तो आज भी फिल्मों में काम कर रहीं है और सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं।
- **सोनाक्षी सिन्हा:** एक वक्त को सुपर स्टार शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी आज काफी लोगों की आइडियल हैं। फिल्म दबंग से अपने कॅरिअर की शुरुआत करने वाली सोनाक्षी आज इंडस्ट्री की सबसे सफलतम हीरोइन में से एक हैं। वे दबंग जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ चुकी हैं।
- **सोनम कपूर:** जब बात एक्टिंग की हो तो कोई भी अनिल कपूर के ऊपर उंगली नहीं उठा सकता और फिल्म नीरजा के बाद सोनम ने भी अपने को सफलता पूर्वक एक प्रतिभावान अभिनेत्री के रूप में स्थापित कर लिया है। इसके साथ सोनम बॉलीवुड की फैशन डीवा तो हैं हीं जिसमें उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता।
- **श्रुति हसन:** साउथ के सुपर स्टार हीरो कमल हसन की बेटी श्रुति आज कई लोगों की पसंदीदा हीरोइन हैं। श्रुति बॉलीवुड में नहीं साउथ की भी फिल्मों में भी लगातार काम कर रही हैं।
- **आलिया भट्ट:** पूजा भट्ट के बाद आलिया ने भट्ट खानदान की लिगेसी को काफी सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है। आलिया के पापा महेश भट्ट काफी सालों से बॉलीवुड इंडस्ट्री के साथ जुड़े हुए हैं और महेश भट्ट ने काफी हिट फिल्में भी बनाई हैं।
- **श्रद्धा कपूर:** एक वक्त के मशहूर कॉमेडियन और विलेन शक्ति कपूर की बेटी तो जैसे हिट फिल्मों की गारंटी बन गई हैं। श्रद्धा जिस फिल्म को हाथ लगाती हैं वो हो जाती है सुपरहिट। हाल ही में रिलीज हुई श्रद्धा की बागी लोगों को काफी पसंद आई है।

### फोगाट बेटियों ने प्रतिद्वंदियों को किया चित्त



अब बात ऐसी बेटियों की जिन्होंने रूढ़ियों की बेड़ियों को तोड़ अपने पिता, गांव, देश का नाम रोशन किया। जी हां, हम बात कर रहे हैं फोगाट परिवार की बेटियों की। हरियाणा के भिवानी के पास एक छोटा सा गांव है बलाली, जहां राष्ट्रीय स्तर के पहलवान रेसलर महावीर फोगाट का घर है, इनकी चार बेटियां हैं, गीता, बबीता, विनेश और रितु, जो खुद अपने पिता महावीर फोगाट की तरह शानदार रेसलर हैं और देश के लिए कई मेडल जीत चुकी हैं। महावीर फोगाट की चार बेटियां और एक बेटा हैं, जिन्हें उन्होंने पहलवान बनाया है। इसके अलावा महावीर ने अपने भाई की भी दो बेटियों को पहलवानी की शिक्षा दी है। कहा जाता है कि नन्हीं गीता अखाड़े जाती तो लोग ताने मारते थे, इसलिए खुद महावीर ने अखाड़ा तैयार किया और अपनी बेटियों को ट्रेंड करने लगे। ये बात साल 2000 की है, तब तक महावीर चार बेटियों के पिता बन चुके थे। महावीर सुबह चार बजे से अपनी बेटियों को रेसलिंग की ट्रेनिंग देते थे। महावीर की मेहनत रंग लाने लगी। उनकी बेटियों ने एक गांव के दंगल में कुश्ती जीती। महावीर की हिम्मत बढ़ी, लेकिन आर्थिक परेशानियां आने लगीं, क्योंकि उस समय उनके नन्हें पहलवानों को अच्छी डाइट और मनी की जरूरत थी। लोग विरोध करते थे, मजाक उड़ाते थे, लेकिन महावीर ने हिम्मत नहीं हारी और बेटियों के लिए कर्ज लिया और उन्हें अच्छी से अच्छी ट्रेनिंग देनी शुरू की। आज महावीर और उनकी पत्नी दया की बेटियां केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि देश की आन-बान-शान और मान हैं।



### अभिनेता रवि किशन की बेटी बनी सैनिक

दूसरी तरफ भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार और भाजपा सांसद रवि किशन की बेटी इशिता ने एक मिसाल पेश की है। एक्टर की बेटी जल्द ही देश की रक्षा के लिए भारतीय सेना ज्वाइन करने वाली हैं। इशिता अग्निपथ योजना के तहत जल्द ही डिफेंस का हिस्सा बनेंगी। रवि किशन अपनी बेटी के इस फैसले में पूरी तरह से उनके साथ हैं और गर्व से उनका सिर ऊंचा हो गया है। वह खुशी के मारे गदगद हो गए, क्योंकि रवि किशन की बेटी इशिता शुक्ला ने अपना सपना पूरा किया और वह सेना में शामिल होने जा रही हैं। इशिता के सेना में शामिल होने की खबर और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी।

### लालू यादव को बेटी ने दिया जीवनदान

उधर, लंबे समय से बीमार चल रहे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को उनकी बेटी ने हाल ही में जीवन दान दिया। लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ, उन्हें किडनी डोनेट करने वाला और कोई नहीं बल्कि उनकी छोटी बेटी रोहिणी आचार्य थीं। रोहिणी ने ऑपरेशन से पहले अपने पिता को भगवान बताते हुए बचपन की तस्वीर को शेयर भी की थी। रोहिणी ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा था कि ‘मां- पिता मेरे लिए भगवान हैं। मैं उनके लिए कुछ भी कर सकती हूं, आप सभी की शुभकामनाओं ने मुझे और मजबूत बनाया है। मैं आप सबके प्रति दिल से आभार प्रकट करती हूं।’



कन्टेंट/ डिजाइन : अजय कुमार शर्मा/विमल सिंह तंवर

शेयर बाजार

# एकतरफा तेजी का उतरा नशा


विमल कोठारी
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय शेयर बाजार में चल रही तेजी को इस सप्ताह ब्रेक लग चुके हैं। भारतीय शेयर बाजार पिछले तीन सप्ताह से तेजी के जिस घोड़े पर सवार नजर आ रहा था, उसकी लगाम को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आई मंदी ने ढीला कर दिया है। अमेरीकी फेडरल बैंक ने हाल ही संपन्न पिछली बैठक में हालांकि ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा नहीं की, लेकिन आगे ब्याज दरें तय करने का रास्ता बाजार शक्तियों के भरोसे पर छोड़ दिया है। इसी तरह कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और भारत व कनाड़ा के बीच राजनीतिक विवाद के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली ने बाजार को इस सप्ताह उबरने का मौका ही नहीं दिया। बीएसई सूचकांक में इस सप्ताह 1829.48 अंकों की गिरावट दर्ज हुई। इसका असर भारतीय शेयरों के मूल्यों पर भी पड़ा और शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में मूल्य में करीब 8 लाख करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज हो गई।

विशेषज्ञ बाजार में आई इस मंदी को नए निवेश के लिए एक अवसर के रूप में देख रहे हैं, लेकिन पिछले पूरे सप्ताह बाजार में आई मंदी में कथित रूप से मजबूत समझे जाने वाले शेयरों को भी हिला कर रख दिया, ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि वे अपने निवेश निर्णय की लगातार समीक्षा करते रहे और जिन शेयरों को मजबूत समझ रहे हैं, उनमें यदि गिरावट आ चुकी हैं तो टुकड़ों में एवरेज पर ध्यान दें और जब भी अवसर मिलें, उनमें लाभ बुक करने से संकोच नहीं करें। तकनीकी आंकड़ों का अध्ययन किया जाएं तो यह अभी स्थिरता का संकेत दे रहे हैं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि बाजार में नए निवेश के मौके ऐसी स्थिति में ही मिलते हैं, जिससे कालांतर में कमाई हो सकती है। पिछले सप्ताह की बात करें तो 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में गिरावट का रुख रहा। भारतीय बाजार में आई मंदी में एफआईआई ने भी अपना हाथ साफ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 8681.30 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों- डीआईआई ने 1938.34 करोड़ के शेयरों की खरीद कर एफआईआई की बिकवाली का सीमित जवाब दिया। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 1829.48 अंक अर्थात 2.69 फीसदी की गिरावट रही और बीएसई सूचकांक 67838.63 अंक से घटकर 66009.15 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 518.10 अंक अर्थात 2.56 फीसदी की गिरावट रही और एनएसई निफ्टी सूचकांक 20192.35 अंक से कम हो कर 19674.25 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक की बात करें तो इसमें पिछले सप्ताह 1.71 फीसदी की गिरावट रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में 2.04 फीसदी की मंदी का रुख देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक की बात करें तो इसमें भी पिछले सप्ताह 1.69 फीसदी व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 2.48 फीसदी की मंदी रही है।

> “आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 1829.48 अंक अर्थात 2.69 फीसदी की गिरावट रही और बीएसई सूचकांक 67838.63 अंक से घटकर 66009.15 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 518.10 अंक अर्थात 2.56 फीसदी की गिरावट रही और एनएसई निफ्टी सूचकांक 20192.35 अंक से कम हो कर 19674.25 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक की बात करें तो इसमें पिछले सप्ताह 1.71 फीसदी की गिरावट रही।”



> *कारोबारियों के पसंदीदा शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, साउथ इण्डियन बैंक, महाराष्ट्र सिमलेस, बंधन बैंक, टाटा कम्युनिकेशन्स आदि कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें सीमित निवेश किया जा सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में चार कंपनियों के आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिसमें से एक निर्गम 26 सितंबर तक बंद हो जाएगा।*

शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां गिरावट का रुख है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो जयपुर में गत सप्ताह सोने के दामों में 50 रुपए दस ग्राम की गिरावट के साथ यह 60,650 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 1250 रुपए के सुधार के साथ 74,950 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि कमजोर ग्राहकी के कारण सोने व चांदी के भावों में स्थिरता की संभावना अधिक है।

वायदा बाजार में 5 अक्टूबर को सोने की एमसीएक्स में मासिक कटान होगी, जिसके चलते सोने के भावों में फिलहाल और कमी आने की आशंका हैं, जबकि कारोबारी चांदी को फिलहाल सुरक्षित निवेश के रूप में देख रहे हैं। इस सप्ताह में बाजार के रुख की बात करें तो कारोबारियों का कहना है कि भारतीय बाजारों में तेजी की संभावनाएं तो अधिक है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दवाब फिलहाल जारी रहेगा। शेयर बाजार की चाल पर कच्चे तेल की कीमतों में आने वाला परिवर्तन और प्रभाव छोड़ेगा। इसके अलावा इस सप्ताह वायदा बाजार की मासिक कटान भी है, जिसका असर भी बाजार पर नजर आएगा। कारोबारियों के पसंदीदा शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, साउथ इंडियन बैंक, महाराष्ट्रा सिमलेस, बंधन बैंक, टाटा कम्युनिकेशन्स आदि कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें सीमित निवेश किया जा सकता है।

इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में चार कंपनियों के आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिसमें से एक निर्गम 26 सितम्बर तक बंद हो जाएगा। इसी तरह एसएमई सेक्टर में इस सप्ताह रिकॉर्ड 17 कंपनियां अपना भाग्य आजमा रही हैं, जिसमें से तीन आईपीओ 25 को बंद होंगे और एक कंपनी का 26 को आईपीओ बंद होगा। शेष में इस सप्ताह आवेदन किया जा सकेगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि एसएमई सेक्टर के आईपीओ में निवेशकों ने पैसा कमाया है, लेकिन भारी-भरकम प्रीमियम पर जारी होने वाले इन सभी आईपीओ में आवेदन जोखिम भरा निवेश है, ऐसे में सर्तकता बरतना जरूरी है। सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो पिछले सप्ताह केवल एक कम्पनी एंटेरो हंल्थकेयर सोल्युशन्स लिमिटेड ने अपने ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी पेश किया है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

## खुदा अब नंगों से नहीं डरता


अखतर अली
व्यंग्यकार

पहले खुदा नंगों से डरता था फिर उसे पग पग पर इतने नंगे मिले कि उसका डर खत्म हो गया। अब नया अपडेट यह है कि जो खुदा नंगों से भी नहीं डर रहा था वह अब पलटने वालों से डरता है। ये खुदा को खुदा मानते हैं फिर भी खुदा इनसे डरता है, जब ये धर्म का प्रचार करते हैं तब तो मारे डर के खुदा अल्लाह अल्लाह करता है क्योंकि खुदा अच्छे से जानता है कि ये आज जो बोल रहे हैं उससे कल पलट जाएंगे। खुदा को इस बात का लंबा अनुभव है क्योंकि इनकी प्रार्थना के अनुकूल इनके प्रयास कभी नहीं होते।

इनकी यह बात बहुत अच्छी है कि ये पलट कर कभी नहीं बोलते हैं हर बार बोल कर पलटते हैं। लेखक इनकी आलोचना का, पड़ोसी इनकी निंदा का और संबंधी इनकी उपेक्षा का कभी बुरा नहीं मानते हैं क्योंकि सब जानते हैं इसने अभी बोला है अभी पलट जाएगा। इन्होंने यात्रा बहुत की है, लेकिन कभी कही पहुंचे नहीं क्योंकि हमेशा ये आधी यात्रा कर के पलट जाते और फिर वहीं पहुंच जाते जहां से चले थे।

पलटने में सबसे महत्वपूर्ण है इनकी टाइमिंग। इतने कलात्मक ढंग से पलटते हैं कि इनके करीबी लोगों को भी भनक नहीं लगती कि ये पलट गए हैं। ये अपने पीछे पलटने के निशान तक नहीं छोड़ते। सुबह इनकी चादर पर एक भी सलवट नहीं मिलती, जबकि रात भर ये पलटे हैं।

पलट जाना बेईमानी है लेकिन ये इस बेईमानी को ईमानदारी के साथ करते हैं यानि ऐसा नहीं होता कि ये सिर्फ तन से पलटे हो मन से नहीं। ऐसा कभी नहीं हुआ कि तन मिर्जा रहा और मन साहिबा हो जाए। एक ही मामले में ये इतनी बार पलटते हैं कि कोई समझ ही नहीं पाता कि इस पल किस पाले में हैं। इनके पलट जाने को दुनियां इनका ऐब मानती है पर ये इसे अपना हुनर कहते हैं और गर्व के साथ कहते हैं कि आज वो जिस मुकाम पर है पलटने की बदौलत ही है।

इनके पलटने को समझना है तो इनके पलटने को दो भागों में बांटा जाए। चुनाव के पहले और चुनाव के बाद पलटना। पलटने के विद्धान इनके बोले को थ्योरी और पलटने को प्रेक्टिकल कहते हैं। चुनाव के पहले ये खूब बोलते हैं इनको शब्दों की कमी कभी नहीं हुई। महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ, सुरक्षा, बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा ऐसा कोई मुद्दा नहीं रहता जिस पर ये बोलते नहीं। चुनाव के बाद शुरू होता है बोले हुए से पलटना। चुनाव के पहले इतना अधिक बोला जाना इसलिए संभव हुआ क्योंकि जो भी मुंह में आया बोल दिए न सोचा ना समझा। अब इतने अधिक बोले पर एक एककर के सोच समझ कर पलटने में पांच साल लग जाते हैं।

संरा: रूसी विदेश मंत्री ने साधा निशाना

## पश्चिमी देश मिलकर भड़का रहे हैं संघर्ष: लावरोव

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** रूस के शीर्ष राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शनिवार को अपने भाषण के दौरान अमेरिका और पश्चिमी देशों को समाप्त होती अंतरराष्ट्रीय शक्ति संरचना का स्वार्थी रक्षक बताया, लेकिन उन्होंने यूक्रेन में रूस द्वारा जारी युद्ध का जिक्र नहीं किया।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा,अमेरिका और उसके अधीनस्थ पश्चिमी देश मिलकर संघर्षों को भड़काना जारी रखे हुए हैं। इन संघर्षों से मानवता कृत्रिम रूप से शत्रुतापूर्ण गुटों में बंटती है और इससे समग्र लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में बाधा उत्पन्न होती हैं। वे उचित बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण को रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।'

उन्होंने कहा, वे दुनिया को स्व-केंद्रित नियमों के अनुसार काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

मुलाकात

*न्यूयॉर्क। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को न्यूयार्क कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात की और उनसे द्विपक्षीय विकास साझेदारी में प्रगति तथा म्यांमार की स्थिति पर चर्चा की। दोनों नेताओं यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के इतर सह मुलाकात की।*


फोटो: पीटीआई

नॉलेज कॉर्नर: क्या ग्लोबल वार्मिंग की वजह से बदल रहा यह स्थान

# सर्वाधिक वर्षा के लिए चर्चित है ‘चेरापूंजी’

मेघालय राज्य भारत का वह हिस्सा है जिसे प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यहां का अद्भुत और मनमोहक वातावरण हर किसी को बरबक्स अपनी ओर खींच लेता है। इसलिए पूर्वी राज्यों में से मेघालय लोगों की पहली पसंद है। रबड़ के पेड़ की जड़ों से बने हैंगिग ब्रिज, पूर्वी खासी पहाड़ियों में बसा मौलिन्नोंग गांव (जो कि भारत के सबसे साफ गांव के तौर पर जाना जाता है), सबसे साफ नदी डॉकी और न जाने कौन-कौन से पर्टयन स्थल इस राज्य में समाए हुए हैं। ऐसा ही एक स्थान है चेरापूंजी... जो कि वर्तमान में सोहरा नाम से भी जाना जाता है। इसका नाम हाल ही में बदला गया है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं चेरापूंजी के बारे में...

### गुफाओं और झरनों का स्थान

वर्तमान में चेरापूंजी का स्थानीय और आधिकारिक नाम सोहरा है, जो कि पूर्वी खासी हिल्स जिले में स्थित एक बस्ती है। दरअसल पूर्व में इसका नाम सोहरा था जिसे अंग्रेजों द्वारा बदलकर “चेर्रा” कहा जाने लगा, जो कि अंततः चेरापूंजी के रूप में जाना गया। इसका अर्थ ‘संतरे की भूमि’ होता है, लेकिन अब फिर से इसका नाम सोहरा कर दिया गया। मेघालय की राजधानी शिलॉंग से यह महज 53 किलोमीटर की दूरी पर स्थित



है। दुनियाभर में यह स्थान सर्वाधिक बारिश के लिए जाना जाता है। इस छोटे से स्थान पर कई खूबसूरत झरने और गुफाएं है, जिनमें नोहकालीकाई झरना सबसे प्रमुख है। यहां की गुफाएं भी कई किलोमीटर लंबी हैं। बांग्लादेश सीमा से काफी करीब होने के कारण पर्यटकों के लिए यह रोमांच भरी जगह है। यहां भारत तथा बांग्लादेश के नागरिकों को एक साथ देखा जा सकता है। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से दोनों देशों की सेना के जवान सीमा पर हर वक्त तैनात रहते हैं।

### चेरापूंजी का इतिहास

अब बात करें यहां के इतिहास की तो इस स्थान को 16वीं शताब्दी के शुरुआत में खोजा गया था। 16वीं और 18वीं शताब्दी के बीच यहां के स्थायी लोगों पर ‘खैरीम के सियेम्स’ यानी राजाओं का शासन था। वर्ष 1833 में खासी पहाड़ियों पर ब्रिटिश सरकार का शासन हो गया, और इस तरह चेरापूजी ब्रिटिश शासन के अधीन हो गया। इससे पूर्व यहां का आखिरी सियेम्य तिरोट सिंग था। वर्तमान में यहां खासी जनजाती का अस्तित्व है, जिसमें मातृसत्तात्मक व्यवस्था चलती है। वर्ष 1861 में है चेरापूंजी में सबसे अधिक वर्षा हुई थी, उस समय केवल एक माह में यहां 2298 सेंटीमीटर बारिश हुई थी। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड रहा।


### सोहरा का भौगोलिक स्वरूप

*यहां प्रचुर वर्षा होने के बावजूद पीने योग्य जल की कमी है। इसके लिए स्थानीय लोग ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार ठहराते हैं। सोहरा की औसत ऊंचाई 1430 मीटर है। प्रमुख वनस्पति जेरोफाइटिक है। यहां दस हजार से अधिक की जनसंख्या है। सोहरा की घाटियां हरे-भरे पेड़ों और वनस्पतियों से आच्छादित हैं।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
मीमांशा उपाध्याय जैसी महिलाओं को सशक्त बनाएं और वे हमारे देश को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाएंगी।


**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@ashokgehlot51
चिरंजीवी से हुआ इलाज,
बेटे को मिल गई आवाज,
घर में गूंजी जिंदगी की साज।


**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
हमारी भाजपा सरकार ने भी महिलाओं को आरक्षण दिया था, जिसके चलते आज प्रदेश में जिला प्रमुख, प्रधान और सरपंच पदों पर 50% महिलाएं है। प्रदेश की विधानसभा में पहली बार 2 महिला विधायक थी, आज 24 हैं। महिला आरक्षण के बाद 66 हो जाएंगी। पहली लोकसभा में 22 महिला सांसद थीं। आज 66 हैं, जो महिला आरक्षण के बाद 181 हो जाएंगी।


**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती, और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती।


**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
अपने अस्तित्व को पूर्ण रूप से खिलने के लिए अपनी आंतरिकता को इंजीनियर करें।


**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
दूसरों को महत्वपूर्ण और मूल्यवान महसूस कराने का मतलब यह नहीं है कि हम अपना व्यक्तित्व या मूल्य की भावना खो दें। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि प्रेमपूर्ण रिश्तों में मिठास कायम करने के लिए हमारी स्पष्ट महानता को पृष्ठभूमि में चला जाना चाहिए।


**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** भाजपा सांसद
@Ra_THORe
पहली बार वंदे भारत में दिखाई जाएगी 3 राजस्थानियों की वीर गाथा! उदयपुर से जयपुर तक चलने वाली राजस्थान की तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री LED स्क्रीन पर वीडियो के जरिए देख सकेंगे वीर क्रांतिकारी बारहठ परिवार के शौर्य की कहानी।

**पश्चिम बंगाल: मुख्यमंत्री ममता व प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं को लेकर टीएमसी-भाजपा में वाकयुद्ध**

# कड़वे बोलों का सियासी राग, पीएम-सीएम और गवर्नर पर कसे तंज

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा से लौटने के बाद रविवार को तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई। भाजपा ने बनर्जी की यात्रा का मखौल उड़ाया, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने पलटवार करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी के मणिपुर संकट को नजरअंदाज करते हुए विदेश यात्रा करने पर सवाल उठाया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।





### शुभेंदु ने किया ममता की यात्रा पर सवाल

अधिकारी ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, जब पश्चिम बंगाल में डेंगू की स्थिति चिंताजनक रूप ले रही थी, तब मुख्यमंत्री बिना किसी चिंता के विदेश में छुट्टियां मनाने चली गईं। इस बीच, जब वह एक निष्फल यात्रा से लौटी हैं, तो डेंगू की स्थिति और भी खराब हो गई है। अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस पर कटाक्ष किया और उस पर उगाही करने का आरोप लगाते हुए कहा, वर्तमान शासन और पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ 'तोलामूल पार्टी' के भ्रष्टाचार से जुड़ाव को देखते हुए, मुख्यमंत्री की यात्रा/छुट्टियों के बाद जो एकमात्र चीज हासिल की जा सकती है, वह है 'जी420' का एक सफल जमावड़ा।

### टीएमसी ने साधा पीएम की यात्रा पर निशाना

टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने पलटवार करते हुए कहा, बनर्जी, मोदी से ज्यादा भरोसेमंद हैं। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब मणिपुर जल रहा था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश यात्रा पर निकल गए। वह अमेरिका, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात रवाना हो गए, लेकिन एक बार भी मणिपुर जाने की जहमत नहीं उठाई। उनका इशारा 'एक्स' पर अधिकारी की पोस्ट की ओर था। अधिकारी ने कहा था, जिन लोगों ने पीएम मोदी की विदेश यात्राओं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विदेश में छुट्टियां मनाने के बीच समानता बताने का प्रयास किया है, मैं आपको अंतर बता दूं - उनकी रणनीतिक यात्राओं का उद्देश्य दुनिया में 'देश की प्रतिष्ठा बढ़ाना' था, लेकिन मुख्यमंत्री की यात्रा पर भ्रष्टाचार के छींटे थे।

### ममता ने अपनी यात्रा को बताया सफल

ज्ञात रहे कि सीएम बनर्जी अपनी विदेश यात्रा से शनिवार शाम लौटी थीं। उन्होंने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, यह बहुत अच्छी यात्रा रही। मैंने अपने जीवन में इतनी सफल यात्रा कभी नहीं देखी। मुझे खुशी है कि मैं बंगाल के लिए इतना कुछ कर सकी। उन्होंने यह भी कहा, बैठकें फिक्की और इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित की गईं। कई प्रमुख समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

## राज्यपाल जनता से कटे हुए 'दरबारी कवि' : ब्रत्य बसु





**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने रविवार को राज्य के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को जनता से कटा हुआ 'दरबारी कवि' करार दिया। शिक्षा मंत्री, बोस की शुक्रवार की उस टिप्पणी का संदर्भ दे रहे थे, जिसमें उन्होंने अपने संवैधानिक सहयोगी (मुख्यमंत्री) को नौ सितंबर को लिखे पत्र के बारे में कहा था कि यह उनके बीच गोपनीय रहना चाहिए। राज्यपाल की टिप्पणी पर बसु ने कहा, राजभवन में एक कवि है। लेकिन कवि का जनता से कुछ जुड़ाव होना चाहिए। यहां हमारे एक दरबारी कवि है।

---

**जरूरी खबर**

### देवेगौड़ा के पोते निखिल की येदियुरप्पा से भेंट



**बेंगलुरु**। जनता दल (सेक्युलर) और भाजपा के बीच आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की हालिया घोषणा के बाद पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते निखिल कुमारस्वामी ने रविवार को यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा से उनके आवास पर मुलाकात की। येदियुरप्पा के मुताबिक, निखिल ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की और दोनों के बीच सार्थक चर्चा हुई। निखिल के पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने भी उन्हें फोन किया था। येदियुरप्पा ने कहा, कुमारस्वामी ने मुझे फोन किया था और अपने घर आने का निमंत्रण दिया था। मैं वहां जाकर उनसे बात करूंगा। अब जब हमने गठबंधन बना लिया है, तो लोगों को इसके बारे में पता होना चाहिए।

### भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं चौटाला

**चंडीगढ़**। हरियाणा के मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने संकेत दिया है कि उन्हें 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के परहेज नहीं है और अगर भाजपा उन्हें टिकट देती है तो वह चुनाव लड़ सकते हैं। सिरसा जिले के रानिया से निर्दलीय विधायक और पूर्व प्रधानमंत्री देवी लाल के बेटे चौटाला ने कहा कि राजनीति में सब संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वह आम चुनाव लड़ते हैं, तो हिसार से खड़े होना उनकी प्राथमिकता होगी। राज्य के विद्युत एवं कारागार मंत्री चौटाला ने कहा कि जब उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में रानिया सीट जीती थी, तो किसी ने भी अनुमान नहीं लगाया था कि भाजपा बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाएगी ।

**बिधूड़ी के आरोपों पर सियासी घमासान जारी**

# मेरी 'लिंचिंग' के लिए विमर्श किया जा रहा तैयार: दानिश

**एजेंसी** | कोलकाता

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की बसपा सांसद दानिश अली पर लोकसभा में की गई टिप्पणी को लेकर सियासी घमासान जारी है। दानिश अली ने रविवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में 'मौखिक लिंचिंग' के बाद अब सदन के बाहर 'लिंचिंग' के लिए विमर्श तैयार किया जा रहा है।



अली ने यह टिप्पणी भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोप के जवाब में की। दुबे ने आरोप लगाया था कि अली ने अपशब्द बोले थे जिसकी वजह से पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी भड़के। दुबे ने शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दानिश अली के 'अशोभनीय' आचरण और टिप्पणियों की भी जांच कराने की मांग की।

लोकसभा में गत गुरुवार को चंद्रयान-3 पर चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने कथित तौर पर बसपा सदस्य अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया और विपक्षी नेताओं ने भाजपा सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। दानिश अली ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, सिद्धांत है कि 'चीजें खुद बोलती हैं'और निशिकांत दुबे के दावे का कोई आधार नहीं है। जो हुआ वह धब्बा है और निश्चित तौर पर इससे इनकार नहीं किया जा सकता। घटनाओं को काल्पनिकता का जामा पहनाना और तथ्यों से खेलना इस बार काम नहीं आएगा।

अली ने कहा, भाजपा के कुछ नेता एक विमर्श चलाने का प्रयास कर रहे हैं कि संसद में मैंने बिधूड़ी को भड़कया, जबकि सच्चाई यह है कि मैंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को बचाने का काम किया है।

### दानिश के आचरण की जांच की जाए: रवि किशन



इस बीच, दुबे के बाद भाजपा के एक अन्य सांसद रवि किशन शुक्ला ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर दानिश अली के आचरण की जांच करने का आग्रह किया है। शुक्ला ने अली पर सदन में असंसदीय कृत्यों में शामिल होने और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। पत्र में शुक्ला ने कहा कि बिधूड़ी ने अली के खिलाफ जो भी शब्द इस्तेमाल किए हैं, वे किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हैं, लेकिन जिन परिस्थितियों में सदन में एक सांसद द्वारा किसी अन्य सांसद के खिलाफ ऐसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया, उन पर गौर फरमाने और उनकी जांच किए जाने की जरूरत है।

**संघ की बैठक में भागवत ने दिया मंत्र**

## दलितों और गैर हिंदुओं के बीच जाकर करें काम

**एजेंसी** | लखनऊ




लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा की तैयारियों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने सामाजिक समरसता और सद्भाव बढ़ाने पर जोर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से दलित और गैर हिंदुओं के बीच जाकर ज्यादा काम करने तथा गुरुद्वारा, चर्च और मस्जिदों के प्रमुखों से मुलाकात करने को कहा। भागवत ने यह बात शनिवार को अवध प्रांत की कार्यकारिणी की बैठक में कही। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। भागवत के तीन दिवसयी लखनऊ प्रवास का रविवार को अंतिम दिन था। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान अलग-अलग सत्र में जिला, विभाग प्रचारक और क्षेत्र प्रचारकों के साथ बैठकें की। इस दौरान संघ के कामकाज की समीक्षा की। सूत्रों के अनुसार

संघ का लक्ष्य आगामी लोकसभा चुनाव से पहले गैर हिंदुओं तक हर हाल में पहुंचने का है।

जानकारों का कहना है कि भागवत समाज के विभिन्न वर्गों में आरएसएस की स्वीकार्यता को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच पहले से मुसलमानों के बीच काम कर रहा है। इसलिए लोकसभा चुनाव से पहले भागवत के उत्तर प्रदेश प्रवास को काफी अहम माना जा रहा है।

### भूमि पूजन में शामिल हुए गवर्नर खान



*नई दिल्ली। श्री धामिक लीला कमेटी की ओर से नई दिल्ली में लाल किले में राम लीला मंचन के लिए हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद केरल के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान व पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल।*

**J&K: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दावा**

## चुनाव बाद सबसे बड़ी पार्टी होगी कांग्रेस

**एजेंसी** | श्रीनगर

कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीट पर उसकी स्थिति मजबूत है जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस,भाजपा और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रभाव केवल सीमित है। प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष विकार रसूल ने यहां संवाददाताओं से कहा, जम्मू-कश्मीर के सभी 90 निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस स्वीकार्य है। चुनाव होने के बाद, कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। रसूल ने रविवार को कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि पिछले एक साल में अन्य दलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, जम्मू में आम आदमी पार्टी के करीब 80 फीसदी सदस्य कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। आम आदमी पार्टी ने जम्मू में अपना दफ्तर बंद कर दिया है। डेमोक्रेटिक प्रगतिशील आजाद पार्टी के करीब 80 फीसदी कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।






**मध्य प्रदेश की चुनाव डायरी**

# भाजपा कार्यकर्ताओं का महाकुंभ आज, पीएम मोदी का होगा मेगा शो

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में अगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां अपने चुनावी समीकरण साधने में जुटी हैं। चुनाव मैदान में उतरने के भाजपा और कांग्रेस के दावेदारों की नजर उम्मीदवारों की सूची पर टिकी हुई है। भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची भी आ चुकी है। इस बीच,भाजपा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के 25 सितंबर को प्रस्तावित महाकुंभ के आयोजन की तैयारी पूरी करती है। भोपाल के जंबूरी मैदान में पीएम मोदी का मेगा शो है। कार्यकर्ता महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में है। जंबूरी मैदान में पांच बड़े-बड़े डोम बनाए गए हैं, जहां पांच लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा ने बताया,पीएम मोदी 25 सितंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में पार्टी के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करेंगे।



### कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन पर बैठक आज



कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि सूची जब आएगी आती रहेगी। जिन उम्मीदवारों को टिकट मिलना है, उनको इशारा कर दिया गया है। हमारे लिए हर सूची महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सोमवार को उम्मीदवारों के चयन को लेकर बैठक होनी है। इस बैठक के बाद चीजें साफ होंगी। बता दें कि भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।

## जरूरी खबर

### देशभर में स्वच्छता अभियान 1 अक्टूबर से होगा शुरू

**नई दिल्ली।** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान की अपील के मद्देनजर एक अक्टूबर को देशव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि गांधी जयंती से पहले प्रधानमंत्री ने देशवासियों से एक अनूठा आह्वान किया है। अभियान के तहत सभी क्षेत्रों के नागरिकों से बाजारों, रेल पटरियों, जलाशयों, पर्यटक स्थलों, धार्मिक स्थलों जैसे सार्वजनिक स्थानों की सफाई गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान किया गया है। यह अभियान 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाए जा रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा-2023' का हिस्सा है।

### अगले साल सेना दिवस परेड लखनऊ में होगी



**नई दिल्ली।** सेना ने अगली सेना दिवस परेड 15 जनवरी 2024 को लखनऊ में आयोजित करने का फैसला किया है। सेना की केंद्रीय कमान लखनऊ में है। पारंपरिक रूप से वार्षिक सेना दिवस परेड दिल्ली में आयोजित होती रही है। लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा इस साल जनवरी में बदली थी जब परेड का आयोजन बेंगलुरु में किया गया था। सेना के सूत्रों ने बताया कि सेना दिवस परेड का आयोजन भारत के अलग-अलग शहरों में करने का फैसला लिया गया है। इसका उद्देश्य आयोजन स्थलों में विविधता लाना और विभिन्न क्षेत्रों को इस कार्यक्रम की भव्यता को देखने का मौका देना है। सूत्रों ने बताया कि परेड का आयोजन बारी-बारी से सभी कमान के चयनित आयोजन स्थलों पर करने की योजना है।

### सैनिकों के बकाया भुगतान के लिए 400 करोड़ जारी

**नई दिल्ली।** थलसेना और रक्षा लेखा विभाग की संयुक्त पहल के बाद, बड़ी संख्या में जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) और अन्य पदों के कर्मियों के 400 करोड़ रुपए के लंबे समय से लंबित दावों का निपटारा कर दिया गया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि अधिकांश दावे मकान किराया भत्ते, वेतन निर्धारण मामलों और सैन्य कर्मियों के बच्चों के लिए शिक्षा भत्ते से संबद्ध हैं। सेना मुख्यालय और रक्षा लेखा विभाग का प्रमुख कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक ने दावों के निपटारे के लिए अखिल भारतीय स्तर पर अभियान चलाया।

## सीडीएस चौहान ने किया कारवार नौसेना अड्डे का दौरा



*नई दिल्ली। प्रमुख रक्षाध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कर्नाटक के कारवार स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नौसेना अड्डे का दौरे किया और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, आवास और अन्य रणनीतिक पहल की प्रगति का आकलन किया। सीडीएस ने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य का भी दौरा किया। 'सीबर्ड' परियोजना के तहत नौसेना अपने कारवार स्थित अड्डे का विस्तार कर रही है। इस अड्डे का पूरी तरह से संचालन शुरू हो जाने पर, यह एशिया का सबसे बड़ा नौसेना अड्डा होगा।*

### मन की बात की 105 वीं कड़ी में जी-20 व चंद्रयान-3 का जिक्र

# विश्व व्यापार का आधार बनेगा आर्थिक गलियारा: पीएम मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी20 में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किए जाने और 'भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा' बनाए जाने के बारे में दिए अपने सुझाव का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि इन फैसलों ने विश्व के शक्तिशालों देशों के इस समूह में भारत के नेतृत्व का लोहा मनवाया है।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 105वीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए इस प्रस्तावित आर्थिक गलियारे की तुलना भारत के अत्यधिक समृद्ध काल में व्यवसाय और व्यापार का प्रमुख माध्यम रहे 'सिल्क रूट' (रेशम मार्ग) से की और दावा किया कि आने वाले सैकड़ों वर्षों के लिए यह विश्व व्यापार का आधार बनेगा। इतिहास इस बात को हमेशा याद रखेगा कि इस गलियारे का सूत्रपात भारत की धरती पर हुआ। मोदी ने 'मन की बात' के इस संस्करण में जहां चंद्रयान-3 और जी20 की सफलता के साथ ही रोजगार सृजन में पर्यटन की भूमिका, भारत में विश्व विरासत स्थलों की बढ़ती संख्या और भारतीय संगीत के प्रति दुनिया भर में लोगों के बढ़ते आकर्षण का उल्लेख किया, वहीं त्योहारों के दौरान स्थानीय उत्पादों की खरीद का मंत्र भी याद दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों उन्हें चंद्रयान-3 और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी20 के सफल आयोजन के बारे में देश के हर हिस्से और समाज के हर वर्ग व उम्र के लोगों के 'अनगिनत' पत्र मिले हैं।



### जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोगाम से जुड़ेंगे छात्र

जी20 के आयोजन में भारत की युवा शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान साल भर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कई कार्यक्रम हुए तथा इसी श्रृंखला में दिल्ली में एक और एक शानदार कार्यक्रम होने वाला है। 'जी20-यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम' के माध्यम से देश भर के लाखों छात्र एक दूसरे से जुड़ेंगे और इसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र भाग लेंगे। उन्होंने छात्रों से इससे जुड़ने का अनुरोध करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में भारत और युवाओं के भविष्य संबंधी कई दिलचस्प बातें होंगी। उन्होंने बताया कि वह खुद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और छात्रों से संवाद करेंगे।

### पुष्कर के सुखदेव भट्ट का किया जिक्र

वन्य जीव संरक्षण के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष में शेर, बाघ, तेंदुओं और हाथियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अन्य जीव-जन्तुओं को बचाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। राजस्थान के पुष्कर के सुखदेव भट्ट और उनकी टीम का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्होंने अब तक 30,000 से अधिक विषैले सापों को बचाया है। प्रधानमंत्री ने ऑटों चालक एम. राजेन्द्र प्रसाद का भी जिक्र किया, जो पिछले 25-30 वर्ष से तमिलनाडु के चेन्नई में कबूतरों की सेवा कर रहे हैं।

### 80% अपराध 10 जिलों से...

# भरतपुर बना साइबर क्राइम का बड़ा केंद्र

**एजेंसी** | नोएडा (उप्र)

देश में साइबर अपराध के केंद्र के रूप में कुख्यात झारखंड के जामताड़ा एवं हरियाणा के नूंह का स्थान अब राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले ने ले लिया है। यह दावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में शुरू स्टार्टअप ने अपने अध्ययन में किया है। अध्ययन के मुताबिक शीर्ष 10 जिले से देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध होते हैं।

आईआईटी-कानपुर में स्थापित एक गैर-लाभकारी स्टार्टअप, फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) ने अपने नवीनतम अध्ययन पत्र 'ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इम्पैक्टिंग इंडिया' में इन निष्कर्षों का उल्लेख किया है। एफसीआरएफ ने दावा किया कि भरतपुर (18 प्रतिशत), मथुरा (12 प्रतिशत), नूंह (11 प्रतिशत), देवघर (10 प्रतिशत), जामताड़ा (9.6 प्रतिशत), गुरुग्राम (8.1 प्रतिशत), अलवर



(5.1 प्रतिशत), बोकारो (2.4 प्रतिशत), कर्मा टांड (2.4 प्रतिशत) और गिरिडीह (2.3 प्रतिशत) भारत में साइबर अपराध के मामलों में शीर्ष पर हैं जहां से सामूहिक रूप से 80 प्रतिशत साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता है। एफसीआरएफ के सह संस्थापक हर्षवर्धन सिंह ने बताया, हमारा विश्लेषण भारत के 10 जिलों पर केंद्रित था जहां से सबसे अधिक साइबर अपराध को अंजाम दिया जाता है। जैसा कि श्वेत पत्र में पहचान की गई है, इन जिलों में साइबर अपराध के प्रमुख कारकों को समझना प्रभावी रोकथाम और खत्म करने की रणनीति तैयार करने के लिए आवश्यक है।

### कौशल विकास निगम घोटाला

# नायडू की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**एजेंसी** | विजयवाड़ा

आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा की एक अदालत ने कौशल विकास निगम घोटाला मामले में तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि रविवार को पांच अक्टूबर तक बढ़ा दी। आंध्र प्रदेश पुलिस के अपराध जांच विभाग के अधिकारियों ने कौशल विकास निगम घोटाले के संबंध में नायडू से राजामहेंद्रवरम केंद्रीय कारागार में दो दिवसीय पूछताछ रविवार को पूरी कर ली और इसके



बाद यह आदेश सामने आया। सीआईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक वाई. एन. विवेकानंद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विजयवाड़ा की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अदालत ने रविवार शाम पांच बजे दो दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के मद्देनजर नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि पांच अक्टूबर तक बढ़ा दी है। सीआईडी सोमवार को नायडू की हिरासत के अनुरोध के लिए एक अलग याचिका दायर कर सकती है। ज्ञात रहे कि कौशल विकास निगम घोटाला मामले में नायडू पहले ही उच्चतम न्यायालय का रुख कर चुके हैं।

### अमरीका के साथ होगा युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की सेनाएं सोमवार को अलास्का में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास शुरू करेंगी, जिसमें कई जटिल अभ्यास शामिल होंगे। । भारतीय सेना की टुकड़ी युद्ध अभ्यास के लिए अलास्का के फोर्ट वेनराइट पहुंच चुकी है। यह भारतीय और अमेरिकी सेना द्वारा ऑसंयुक्त रूप से आयोजित एक वार्षिक अभ्यास है। इसका पिछला संस्करण नवंबर 2022 में उत्तराखंड के औली में आयोजित किया गया था।

### नागपुर: राहत कार्य जोरों पर



*नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में शनिवार को भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के बाद रविवार को राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी रहे। बारिश और बाढ़ से 10 हजार घरों में पानी घुस गया था। शहर की अंबाझारी झील और नाग नदी के उफान पर आने से शनिवार को बाढ़ आ गई।*

### अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन

# आपराधिक कानून सजा के बजाय न्याय प्रदान करने पर केंद्रित: शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि तीन प्रस्तावित आपराधिक कानून जन-केंद्रित हैं तथा इनका मुख्य उद्देश्य नागरिकों के संवैधानिक, मानवीय और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करना है। बीसीआई द्वारा यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन में शाह ने कहा कि इन तीनों विधेयकों का दृष्टिकोण सजा देने के बजाय न्याय प्रदान करना है। उन्होंने देश के सभी वकीलों से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस-2023) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए-2023) के बारे में सुझाव देने की अपील की ताकि देश को सर्वश्रेष्ठ कानून मिले। लोकसभा में गत 11 अगस्त को पेश किए गए तीन विधेयक क्रमशः भारतीय दंड संहिता, 1860; दंड प्रक्रिया संहिता, 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे।



### औपनेविशक कानून की छाप

गृह मंत्री ने कहा, भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली पर औपनिवेशिक कानून की छाप थी। तीनों नए विधेयकों में औपनिवेशिक छाप नहीं है, बल्कि भारतीय मिट्टी की महक है। शाह ने कहा कि वर्तमान समय की मांग को ध्यान में रखते हुए आपराधिक कानूनों में व्यापक बदलाव की पहल की गई है। ये कानून लगभग 160 वर्षों के बाद पूरी तरह से नए दृष्टिकोण और नई प्रणाली के साथ आ रहे हैं।

### पांच दिग्गजों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

विधि क्षेत्र के पांच दिग्गजों को भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) ने कानून के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए रविवार को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया। बीसीआई ने वरिष्ठ अधिवक्ता के परासरण, फली एस नरीमन और के के वेणुगोपाल के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता सोली जे सोराबजी और राम जेठमलानी को मरणोपरांत सम्मानित किया। गृहमंत्री शाह ने नरीमन और वेणुगोपाल को सम्मानित किया। परासरण की ओर से उनके बेटे एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश परासरण ने सम्मान ग्रहण किया। शाह ने जेठमलानी और सोराबजी का सम्मान उनके परिवारों को दिया।

### सरकार ने की तीन नई पहल

शह ने कहा कि नई न्याय प्रणाली की पहल के साथ-साथ कानून-अनुकूल परिवेश बनाने के लिए सरकार द्वारा तीन पहल भी की गई है। पहली पहल ई-कोर्ट, दूसरी पहल अंतर-उपयोगी आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) और तीसरी पहल इन तीन प्रस्तावित कानूनों में नई तकनीक जोड़ने की है। उन्होंने कहा, तीन कानूनों और तीन प्रणालियों की शुरुआत के साथ, हम एक दशक से भी कम समय में अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में देरी को दूर करने में सक्षम होंगे।

### कानूनी पेशे में सरल भाषा जरूरी: खन्ना

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना ने समापन सत्र में अपने संबोधन में कहा कि कानूनी पेशे में सरल भाषा के इस्तेमाल की जरूरत है, ताकि लोग सोच-समझकर निर्णय ले सकें और वे अनजाने में कोई उल्लंघन करने से बच सकें। उन्होने कहा कि कानून विवादों को सुलझाने के लिए होते हैं, न कि खुद विवादित बनने के लिए। न्यायाधीश खन्ना ने कहा, क्या कानून एक पहेली है जिसे हल करने की आवश्यकता है? कानून आम आदमी के लिए रहस्य नहीं होना चाहिए। इसलिए सरल भाषा का इस्तेमाल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे में सरल भाषा के इस्तेमाल की इसलिए जरूरत है, ताकि लोग सोच-समझकर निर्णय ले सकें और वे अनजाने में कोई उल्लंघन करने से बच सकें। न्यायाधीश ने कहा, यह हमारे निर्णयों और फैसलों पर भी समान रूप से लागू होता है। उन्होंन कहा कि मुकदमेबाजी और कानूनी पेशे का व्यावसायीकरण अत्यंत चिंता का विषय है। मुकदमे की बढ़ती लागत और अत्यधिक शुल्क न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में एक बड़ी बाधा है और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि न्याय सभी के लिए सुलभ रहे। पेशे के प्रमुख हितधारकों के रूप में, वकीलों और न्यायाधीशों के लिए यह जरूरी है कि वे आत्मनिरीक्षण करें।

## फोरएवर स्टार इंडिया अवॉर्ड्स: बेस्ट अचीवर्स को एक्ट्रेस मलाइका ने दी ट्रॉफी

# आइडियल से मिला अवॉर्ड तो हुईं भावुक

*बेधड़क.जयपुर। जिस बॉलीवुड एक्ट्रेस को सिनेमाघर में बड़े पर्दे पर देखते थे, वही अपने हाथों उनको सम्मान दे रही थी। इसकी खुशी उनके चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी। अवॉर्डी अवॉर्ड लेते समय कभी रोमांचित तो कभी भावुक नजर आए। हालांकि, यह उनकी मेहनत ही थी कि एक्ट्रेस मलायका अरोड़ा से अवॉर्ड हासिल किया। नजारा था जयपुर में इंट्रालाइफ और फॉरएवर लीव्स की ओर से आयोजित हुई अवॉर्ड सेरेमनी 'फोरएवर स्टार इंडिया अवॉर्ड्स सीजन-2023' का। आयोजक राजेश व राकेश जैन ने बताया कि अवॉर्ड नाइट में इंडिया के बेस्ट अचीवर्स एक साथ एक मंच पर नजर आए। 4 टाइटल सुपर वुमन अवॉर्ड, सुपर हीरो अवॉर्ड, बिजनेस अवॉर्ड और एफसिया इंटरनेशनल अवॉर्ड दिए गए।*






फोटो: पंकज शर्मा

### अवॉर्डीज को गूगल व यूट्यूब पर दी रैंकिंग

फंक्शन में 4 टाइटल्स की डिफरेंट कैटेगरीज के 100 से अधिक अवॉर्डीज को ट्रॉफी, मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया है। सेलेब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के अलावा स्पेशल गेस्ट के तौर पर देश के नामचीन आर्मी ऑफिसर्स और पॉलिटिशियंस हिस्सा रहे। जैन ने बताया कि यह ऐसी अवॉर्ड सेरेमनी है, जिसमें अवॉर्डीज को गूगल व यूट्यूब पर रैंकिंग दी जाती है। हर अवॉर्डी की एफसीया आईडी जनरेट की गई है। अवॉर्ड लेते हुए अवॉर्डी की वीडियो क्लिप यूट्यूब एंड ओटीटी पर अपलोड हुई, जो लाइफटाइम तक रहेगी।

### ये रहे मौजूद

अवॉर्ड फंक्शन में नुपुर जोशी, फरहान, रिचा खंडेलवाल, वंशिका राजपाल, सौम्या साहू, अंजली गुप्ता, नीरज तिवारी, जसवीन अरोड़ा, नंदिनी तिवारी, नीरज गुप्ता सहित अन्य अवॉर्डीज मौजूद रहे। सभी ने अपने एक्सपीरियंस शेयर करते हुए अवॉर्ड पाने की खुशी को बयां किया। चीफ गेस्ट और स्पेशल गेस्ट ने सभी को मोटिवेट करते हुए उन्हें सक्सेस मंत्र दिए।

## वेडिंग डिजाइनर्स और लाइफ स्टाइल एक्सपर्ट ने किया इंटरेक्ट



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर का टैलेंट गुरुग्राम एनसीआर में दिखाई दिया। शहर के शुभ वेडिंग्स एंड लाइफ स्टाइल अवॉर्ड- 2023 सीजन-6 को इस बार गुरुग्राम की फाइव स्टाइल होटल हयात रेजीडेंसी में आयोजित किया गया। इस दौरान देश भर के वेडिंग और लाइफ स्टाइल एक्सपर्ट एक छत के नीचे जुटे और टूरिज्म व वेडिंग इंडस्ट्री को बढ़ाने पर एक सेशन रखा गया। इस दौरान सबसे पहली पसंद राजस्थान और जयपुर ही दिखाई दी। सभी विशेषज्ञों ने प्रदेश में नई डेस्टिनेशन को बढ़ाने व दुनिया को भारत को रुख कराने पर जोर दिया। जयपुर के राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने यह अनूठा प्रोग्राम एनसीआर में आयोजित किया। जहां जयपुर सहित प्रदेश और देश भर के कई लोगों को अवॉर्ड दिए गए। उन्होंने बताया, वेडिंग टूरिज्म पर कॉनक्लेव और एक्सपो भी हुआ।

## शिविर में 63 यूनिट रक्त एकत्र



**बेधड़क. जयपुर।** प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग्स संस्था की ओर से विद्याधर नगर में आयोजित रक्तदान शिविर में 63 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। संस्था की अध्यक्ष शशि गुप्ता के जन्मदिन के मौके पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में इस बार महिलाओं ने अपनी भागीदारी बढ़ाते हुए शिविर में रक्तदान किया। शिविर में पहली बार 6 महिलाओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राजेश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस के सचिव संदीप शर्मा, विश्वकर्मा इंडस्ट्री एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लखन गोयल, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेंद्र सिंह खेड़ी, झोटवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिला कांग्रेस के वर्तमान महासचिव सुमित मिश्रा, बाबूलाल रुंडल, प्रकाश मित्तल, सुभाष मित्तल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## CCTV कार्य का शिलान्यास



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने इलाके में सुरक्षा के लिए वार्ड 128 बसंत बाहर कॉलोनी,वार्ड 129 जवाहर कॉलोनी,वार्ड 134 अनीता कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरों का शिलान्यास किया। नटवर कुमावत ने बताया कि ये सीसीटीवी कैमरे विधायक कोष से 55 लाख रुपए से लगाए जा रहे हैं। इनके अलावा 9 और कॉलोनियों में भी इसी सप्ताह सीसीटीवी का शिलान्यास किया जाएगा। आदिनाथ नगर कॉलोनी, कृष्णा नगर कॉलोनी, नीलकंठ महादेव कॉलोनी, मालवीय नगर डी ब्लॉक, मुक्तानंद नगर गोपालपुरा, श्री विहार कॉलोनी, जय जवान प्रथम, सेक्टर 6 मालवीय नगर में कैमरे लग चुके हैं। इस मौके पर नगर निगम ग्रेटर उप महापौर पुनीत कर्णावट, पार्षद महेश सैनी बच्चू, जवाहर कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह शेखावत, बसंत बहार कॉलोनी अध्यक्ष करण सेवानी, अनीता कॉलोनी अध्यक्ष विवेक सेकड़ा, महासचिव प्रणय कुलश्रेष्ठ, पूर्व अध्यक्ष निरंजन मांडन, मुख्य संरक्षक बसंत बाहर कॉलोनी शंकर लाल सचदेव, मुकेश दुलानी, प्रदीप जाजानी, बृज बिहारी अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## शर्मा, भार्गव और शैलजा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एसएल शर्मा, डॉ. अरुणा भार्गव और प्रो. शैलजा नागेंद्र को अजमेर में राजस्थान सोशियोलॉजिकल एशोसिएशन की ओर से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड-2023 से नवाजा गया। समाजशास्त्र विषय में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उनको यह सम्मान समाजशास्त्र विभाग, सम्राट पृथ्वीराज चौहान गवर्नमेंट कॉलेज अजमेर में आयोजित 29वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में दिया।

# City इवेंट्स

### द्रव्यवती के पुनर्जीवन का दिया संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** विश्व नदी दिवस पर जयपुर के यूथ पल्स, सोशल थिंकर, मनसंचार व यू थिंक के सदस्यों ने द्रव्यवती नदी के उद्गम हाथुनीकुंड नाहरगढ़ पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर नदी जल विशेषज्ञ राम मनोहर ने कहा कि नदी संरक्षण नागरिक कर्तव्य है। समाज को इसके लिए आगे आना चाहिए। नदी जल को प्रदूषित करने व नदी के क्षेत्र में अतिक्रमण से नदियां सूख रही हैं। स्टूडेंट शीतल ने सौन्दर्य की नदी नर्मदा पुस्तक से नर्मदा यात्रा की सुन्दरता का वर्णन किया।

### तेजाजी की कलश यात्रा निकाली



**बेधड़क. जयपुर।** सांगानेर तहसील की ग्राम पंचायत दांतली के चतरपुरा गांव में सोमवार को तेजाजी महाराज की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव की सर्वसमाज की महिलाओं ने हिस्सा लिया। पूर्व सरपंच मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि गांव के मुख्य चौक में शिव मंदिर के पास तेजाजी महाराज के चबूतरे का निर्माण कराया गया है।

### रीयूनियन में फैमिली संग सेलेब्रेशन



**बेधड़क. जयपुर।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन की ओर से रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रीयूनियन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेयर डा. सौम्या गुर्जर रहीं। एसोसिएशन के अध्यक्ष जीपी शर्मा ने बताया कि रीयूनियन कार्यक्रम में देशभर से कॉलेज के पूर्व स्टूडेंट्स ने परिवार सहित हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व स्टूडेंट्स ने अपनी यादें ताजा कीं। वहीं स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व छात्र-छात्राओं, जिनको उत्तीर्ण हुए 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उन्हें सम्मानित किया गया। महासचिव सचिन गोयल ने बताया कि एसोसिएशन ने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एलुमिनाई को 5 प्राइड ऑफ कपकजा अवॉर्ड प्रदान किया गया।

### संगोष्ठी में 19 समितियों के कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

## अणुव्रत कार्यकर्ता नैतिक विकास कर राष्ट्र को एक नई दिशा दें




बेधड़क | जयपुर

अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में 2 दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज नैतिकता के शक्तिपीठ गंगा शहर में संभाग स्तरीय अणुव्रत कार्यकर्ता संगोष्ठी के साथ हुआ। शुभारंभ राजेंद्र बोथरा द्वारा अणुव्रत गीत से किया गया।

समिति की महिला सदस्याओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया व स्वागत वक्तव्य समिति अध्यक्ष भंवर लाल सेठिया ने दिया। संगोष्ठी केंद्रीय संयोजक धर्मेंद्र डाकलिया ने बताया कि बीकानेर संभाग स्तरीय इस प्रथम संगोष्ठी में 19 समितियों से 177 अणुव्रत कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में मंगल पाथेय प्रदान करते हुए शासन साध्वी शशि रेखाजी ने कहा कि आज सांप्रदायिकता में जीवन बिखरने लगा है। अणुव्रत का आकाश इन विकृतियों को दूर कर सकता है।

अध्यक्ष भंवरलाल सेठिया ने बताया कि 5 सत्रों में संयोजित संगोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश नाहर ने बताया कि वर्तमान की परिस्थितियों में अणुव्रत का कार्यकर्ता स्वयं में नैतिक विकास कर राष्ट्र को नई दिशा देने में योगभुत बन सकता है। राष्ट्रीय महामंत्री भीखम सुराणा ने समिति प्रबंधन के सूत्र बताए और विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में किशन बैद, भैरूदान सेठिया, राजेन्द्र पारख, हेमराज, बच्छराज गुलगुलिया, अनिल बैद, राजेश बुच्चा, जतन लाल बैद, डालचंद बुच्चा, दीपक आंचलिया, कन्हैया लाल बोथरा, अनिल सेठिया, मनोज पारख, करनीदान रांका, नवीन सोलंकी, जेठमल छाजेड़, मधु छाजेड़, बबीता सेठिया, अनुपम सेठिया, संतोष बोथरा, निर्मला बैद, लक्ष्मी सेठिया सहित अन्य समिति से जुड़ी महिलाओं का योगदान रहा।

## जोत जलाने के साथ तेजा दशमी महोत्सव शुरू



**जयपुर।** लूनियावास स्थित वीर तेजाजी धाम में दो दिवसीय तेजा दशमी महोत्सव का शुभारंभ रविवार से हुआ।

महोत्सव के दौरान दो दिन तक होने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत रविवार से की गई। रविवार की रात्रि में तेजाजी महाराज की ज्योत प्रज्जवलित की गई। इसके बाद आयोजित की गई भजन संध्या में भजनों से बाबा को रिझाया गया। सोमवार को तेजा दशमी के पर्व पर भक्त बाबा को खीर, पुए-पुड़ी का भोग लगाकर मनौतियां मांगेंगे। इस दौरान बाबा को धूप खेई जाएगी तथा भक्त मत्था टेकेंगे।

**ब्यूटी पेजेंट** फॉरएवर मिस, मिसेज एंड टीन इंडिया की स्टेट व नेशनल लेवल विनर्स ने किया इंटरेक्शन

# एडवोकेट, हाउस वाइफ और स्टूडेंट्स उतरी रैंप पर

बेधड़क | जयपुर

जब देश भर की मॉडल्स ने गुलाबी नगरी में अपनी जर्नी शेयर की तो फ्रेशर्स उत्साहित नजर आईं। उनसे प्रेरणा लेकर उन्होंने भी कॅरियर को ऊंचाई देने का संकल्प लिया।

मॉडल्स की कहानी हर किसी को प्रभावित कर गईं, कि किस तरह उन्होंने अपने ख्वाबों को पूरा करने के लिए संघर्ष किया। मौका था होटल मैरियट में नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट फॉरएवर मिस, मिसेज एंड टीन इंडिया-2023 सीजन-3 की स्टेट व नेशनल लेवल विनर्स के इंटरेक्शन सेशन का। सेशन में पेजेंट में देश के अलग-अलग राज्यों व शहरों से आईं पार्टिसिपेंट्स ने अपने मॉडलिंग कॅरियर स्टार्ट होने से लेकर पेजेंट के विनर बनने तक का सफर साझा किया। उन्होंने बताया, इस प्लेटफॉर्म से ग्लोबल एक्सपोजर मिला है और ख्वाब हकीकत में बदले हैं। साथ ही पार्टिसिपेंट्स ने बताया कि उनको आगे जाकर मिस एशिया और मिस यूनिवर्स जैसे कॉन्टेस्ट को जीतना है। किसी को म्यूजिक वीडियो एल्बम, किसी को वेब सीरीज तो किसी को बॉलीवुड में जाना है।




### ये मॉडल्स रहीं सेशन में मौजूद

इस मौके पर मुंबई से मिसेज इंडिया फर्स्ट रनरअप जी 1 कैटेगरी अनीशा चोपड़ा, देहरादून से मिसेज इंडिया विनर जी 1 कैटेगरी श्वेता चौधरी, धनबाद से मिसेज इंडिया विनर जी 2 कैटेगरी लिपि सिन्हा, त्रिवेंद्रम से मिस टीन इंडिया विनर फारिया हुसैन, हाथरस से मिस इंडिया विनर अदिति सिंह, मुंबई से मिस महाराष्ट्र कविता पाथरे मौजूद रहीं।

### फैमिली सपोर्ट हो तो मुश्किलें छोटी

पेजेंट आयोजक एस्ट्रो राजेश अग्रवाल और शो डायरेक्टर जया चौहान, सेलेब्रिटी ट्रेनर ताना पूनिया, ऑफिशियल कोरियोग्राफर शैलजा सूरी, असिस्टेंट कोरियोग्राफर शिल्पी ने पेजेंट की पूरी रूप रेखा बताई। वहीं, दिल्ली की श्वेता चौधरी ने बताया कि दिल्ली बार काउंसिल की मैंबर हूं और एडवोकेट के तौर पर दिल्ली हाईकोर्ट में कार्य करती हूं। पेजेंट के बारे में जब पता चला तो बिल्कुल भी तैयार नहीं थी। फिर फैमिली ने मुझे हिस्सा लेने के लिए मोटिवेट किया और जयपुर आने के लिए प्रेरित किया। आज विनर बनने की खबर जब घरवालों को दी तो सब बहुत खुश थे और उन्होंने मेरे हौसले की तारीफ की। वहीं, पंजाब के लुधियाना की रहने वाली प्रीत कौर ने बताया कि फैमिली ने बहुत सपोर्ट किया। हाउस वाइफ होने के नाते घर और बाकी चीजों को मैनेज करना बड़ा टास्क है। फैमिली सपोर्ट हो तो सब मुश्किलें छोटी लगने लगती हैं।

सेवा अवश्य करनी चाहिए, किंतु आशा किसी से नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि सेवा का उचित फल ईश्वर ही दे सकते हैं, मनुष्य नहीं।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## एशियन गेम्स: भारत ने जीते 5 मेडल 2 पदक और पक्के

### हॉकी: पुरुष टीम ने मैच 16-0 से जीता

**बीजिंग।** ललित उपाध्याय, वरुण कुमार और मनदीप सिंह की हैट्रिक के दम पर भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा में रविवार को उजबेकिस्तान को 16-0 से रौंदकर जीत के साथ आगाज किया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए यह पूल ए का बेमेल मुकाबला था । उज्बेकिस्तान एफआईएच रैंकिंग में 66वें स्थान पर है। भारत की ओर से ललित उपाध्याय (सातवां, 24वां, 37वां और 53वां मिनट), मनदीप सिंह (18वां, 27वां और 28वां मिनट) और वरुण कुमार (12वां, 36वां, 50वां और 52वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई। अभिषेक (17वां), सुखजीत सिंह (42वां), शमशेर सिंह (43वां), अमित रोहिदास (38वां) और संजय (57वां) ने गोल किए। भारत को अब 26 सितंबर को सिंगापुर से खेलना है।




स्टार शूटर मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता की तिकड़ी

फोटो- पीटीआई





पदक विजेता रोइंग टीम

# महिला शूटर्स और रोइंग टीम का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी । बीजिंग

चीन में जारी एशियन गेम्स में भारत ने दमदार शुरुआत की है। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पर्धा के पहले ही दिन रविवार को इन खेलों में 4 पदक अपने नाम कर लिए हैं। स्टार शूटर मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता की तिकड़ी ने भारत को पहला पदक दिलाया। शूटिंग में एक और मेडल मिला, जबकि रोइंग में देश को 3 पदक अभी तक मिल चुके हैं।

### 655 भारतीय खिलाड़ी कर रहे हैं शिरकत

चीन के हांगझोउ में जारी इन एशियन गेम्स में भारत के कुल 655 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ये एशियाई खेलों में देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है। भारतीय खिलाड़ी कुल 40 स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे। भारत की महिला और पुरुष क्रिकेट टीमें भी इस बार गेम्स में हिस्सा ले रही हैं।

### रोइंग में भी रजत पदक

भारत को दूसरा मेडल हासिल हुआ रोइंग में, जहां पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में रजत पदक मिला। अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने भारत को गेम्स में ये दूसरा पदक दिलाया। भारतीय जोड़ी ने 06:28:18 का समय लिया और दूसरा स्थान पर रही। भारत को दिन का तीसरा मेडल रोइंग में ही मिला। बाबू लाल यादव और राम लेख ने पुरुष डबल्स फाइनल-ए में कांस्य पदक हासिल किया। इस भारतीय जोड़ी ने 6:50:41 का समय लिया और ब्रॉन्ज हासिल किया। रोइंग में भारत को तीसरा मेडल मिला, जब पुरुषों की कॉक्स्ड 8 स्पर्धा में 05:43.01 के समय के साथ भारतीय टीम ने सिल्वर हासिल किया। इसी के साथ रोइंग में भारत के 3 पदक हो गए हैं।

### महिला क्रिकेट टीम भी फाइनल में

स्मृति मंधाना की कप्तानी में खेल रही भारत की महिला क्रिकेट टीम ने गेम्स के फाइनल में एंट्री मार ली। स्मृति मंधाना की टीम ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 8 विकेट से रौंदा। इस तरह भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इन खेलों में कम से कम सिल्वर तो पक्का कर लिया है।

### निशानेबाजी में सिल्वर

निशानेबाजी में महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में 1886 अंकों के साथ भारत ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ये गेम्स में भारत का पहला पदक रहा. मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता की तिकड़ी ने भारत को ये मेडल दिलाया। रमिता ने 631.9, मेहुली ने 630.8 और आशी ने 623.3 अंक हासिल किए। गोल्ड मेडल मेजबान चीन ने हासिल किया।

### रमिता को मिला ब्रॉन्ज

भारत को पांचवां मेडल रमिता जिंदल ने दिलाया। रमिता ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में ब्रॉन्ज हासिल किया। 19 साल की इस शूटर ने 230.1 के स्कोर के साथ ये मेडल अपने नाम किया। आखिरी शॉट तक वह टॉप-2 में थीं, लेकिन तीसरे स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में मेहुली घोष चौथे स्थान पर रहीं. चीन को गोल्ड और सिल्वर मेडल मिले।

## निज्जर की हत्या: 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में मारा गया था

# US ने दी थी कनाडा खुफिया जानकारी

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि आतंकी निज्जर की हत्या के बाद अमेरिका ने कनाडा को खुफिया जानकारी मुहैया कराई थी, लेकिन ओटावा ने जो जानकारी जुटाई थी, वह अधिक ठोस थी और उसके आधार पर उसने भारत पर आरोप लगाए हैं। यह खबर शनिवार को तब छपी जब कनाडा में अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने पुष्टि की कि 'फाइव आइज के साझेदारों के बीच जानकारी साझा की गई थी', जिसने कनाडा के पीएम ट्रूडो को हत्या में भारतीय एजेंटों के संलिप्त रहने का आरोप लगाने को प्रेरित किया। भारत ने आरोपों को बेतुका और प्रेरित बता आक्रामक रूप से खारिज कर दिया था।

### भारत ने 2020 में घोषित किया था आतंकी

प्रतिबंधित केटीएफ के प्रमुख निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में हत्या हुई थी। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकी घोषित किया था। अमेरिका ने भारत से कनाडा की जांच में उसका सहयोग करने का अनुरोध किया है। अखबार ने अज्ञात अधिकारियों के हवाले से कहा, 'हत्या के बाद अमेरिकी एजेंसियों ने कनाडा को ऐसी जानकारी उपलब्ध कराई, जिससे कनाडा को निष्कर्ष निकालने में मदद मिली।

### राजनयिकों की वार्ता पर रखी थी नजर!

इन अधिकारियों ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कनाडाई अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों की बातचीत पर नजर रखी और यही 'सबूत' है। कनाडा में अमेरिकी राजदूत कोहेन ने कहा कि खुफिया जानकारी साझा की थी, जिसके आधार पर ट्रूडो ने हत्या 'संभावित' संबंध के आरोप को लेकर सार्वजनिक बयान दिया था।




### चीन में उइगुर महिला प्रोफेसर को उम्रकैद

**बीजिंग।** यहां एक उइगुर महिला प्रोफेसर को देश की सुरक्षा खतरे में डालने के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई है। डुई हुआ फाउंडेशन अधिकार समूह के अनुसार महिला का नाम राहिले दावुत है। उन्होंने 2018 में कोर्ट में अपील की थी, लेकिन केस हार गईं। वह उइगुर मुस्लिम आबादी के खिलाफ होने वाले मानवाधिकार हनन का खुलकर विरोध करती थीं।

## पाकिस्तान के पंजाब में पुलिस पर आरोप

# 75 अहमदी कब्रें कर दीं ध्वस्त

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस और इस्लामी कट्टरपंथियों ने अहमदी अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित लगभग 75 कब्रों और उनके दो धार्मिक स्थलों की मीनारों को ध्वस्त कर दिया।

अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के एक सदस्य ने रविवार को यह जानकारी दी। जमात-ए-अहमदिया के पदाधिकारी आमिर महमूद ने कहा, 'टीएलपी के दबाव में आकर पुलिस ने लाहौर से लगभग 100 किमी दूर पंजाब के सियालकोट जिले के दस्का शहर में मकबरों के पत्थरों को नष्ट करके अहमदियों की 74 कब्रों को नुकसान पहुंचाया।'

दस्का में अब भी तनाव व्याप्त है, क्योंकि टीएलपी ने अहमदी समुदाय के एक ऐतिहासिक धर्म स्थल की मीनारों को भी गिराने की धमकी दी है। पुराने दस्का शहर में स्थित इस धर्म स्थल का निर्माण विभाजन से पहले पाकिस्तान आंदोलन के सदस्य रहे और पाकिस्तान के पहले विदेश मंत्री सर जफरुल्लाह खान द्वारा किया गया था।

**इसे माना जा रहा गुड न्यूज**

# चांद पर नहीं छपा हमारा अशोक स्तंभ

■ प्रज्ञान रोवर के जरिए बनना था यह निशान

एजेंसी । नई दिल्ली

गत माह भारत चांद पर जाने वाला चौथा और दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया। चंद्रयान मिशन के जरिए विक्रम लैंडर चांद की सतह पर उतरा। वहीं, इसके अंदर प्रज्ञान नाम का एक रोवर था, जो चांद की सतह पर चला। इस रोवर की एक खासियत थी, कि इसके पिछले पहियों पर भारतीय प्रतीक चिह्न और इसरो का लोगो उभरा हुआ था। इसे इसलिए बनाया गया था कि जब यह चांद पर चलेगा, तो भारत के अशोक स्तंभ और इसरो का छाप बनता रहेगा, लेकिन प्रज्ञान एकदम स्पष्ट छाप छोड़ने में कामयाब नहीं रहा।



### वहां मिट्टी धूलभरी नहीं, ढेलेदार है

इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा, 'जहां प्रज्ञान रोवर चला है, वहां की मिट्टी धूलभरी नहीं, बल्कि ढेलेदार है। इसका मतलब कोई चीज इसे बांध रही है। हमें यह अध्ययन करने की जरूरत है कि मिट्टी को क्या बांध रहा है।' धरती पर इसका परीक्षण 'लूनर सॉइल सिमुलैंट' (एलएसएस) के जरिए किया गया था, जहां इससे स्पष्ट छाप बनी थी। एलएसएस अमेरिका के अपोलो मिशन के जरिए इकट्ठा किए गए मिट्टी के नमूनों से मेल खाने के लिए बनाया गया था। अपोलो मिशन चंद्रमा के भूमध्य रेखा के करीब उतरे थे।

### तस्वीरों से ढीली मिट्टी के संकेत

फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) के निदेशक अनिल भारद्वाज ने कहा, 'हम साफ-साफ देख सकते हैं कि रोवर के निशान बनते जा रहे हैं। लैंडिंग साइट और रोवर मूवमेंट साइट के आसपास की तस्वीरों से पता चलता है कि यह खांचे लगभग एक सेंटीमीटर अंदर जा रहे हैं, जो ढीली मिट्टी का संकेत हैं। जैसे-जैसे गहराई में जाएंगे मिट्टी सघन होती जाएगी।' भारत को चांद पर जाने की कामयाबी दूसरे प्रयास में मिली थी। चंद्रयान-2 मिशन भारत ने भेजा था, लेकिन क्रैश हो गया था।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। **संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl